mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-30 अंक-45 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा
15 फरवरी 2026 रविवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

# पीएम मोदी ने असम में भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया

## बोले- देश का बुरा सोचने वाले को कांग्रेस कंधे पर बैठाती है



### ● पीएम का प्लेन मोरन हाईवे पर उतरा; यहां से चाइना बॉर्डर 300km दूर

**गुवाहाटी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर हैं। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे। इसके बाद वे वायुसेना के ष्ट-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ELF) पर लैंडिंग की। पीएम ने इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी का प्लेन सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ELF पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300km दूर ही है।

मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला।

पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है। असम में इसी साल विधानसभा चुनाव है। राज्य में 2016 से लगातार दो बार NDA की सरकार बनी है। इससे पहले 2001-2016 तक कांग्रेस की सरकार थी।

असम में बनी पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

मोरन एयरस्ट्रिप NH-127 के 4.4 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बनाई गई है। यह भारत की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ELF) है, जो सेना और सिविल विमानों दोनों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है।

ELF का मतलब है कि युद्ध और इमरजेंसी जैसे हालात में हवाई जहाजों को हाईवे पर ही उतारा जाए और यहीं से उड़ान भरने की व्यवस्था हो। इससे सड़क का दोहरा फायदा होता है। रोजमर्रा के ट्रैफिक के साथ-साथ सैन्य जरूरतों के लिए।डुअल-यूज इंफ्रास्ट्रक्चर के कॉन्सेप्ट पर तैयार ELF 40 टन तक के फाइटर एयरक्राफ्ट और 74 टन तक के मैक्सिमम टेक-ऑफ वेट वाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को हैंडल करने में सक्षम है।

### प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस कभी देश की रक्षा नहीं कर सकती

PM मोदी ने कहा- आज देश को सिर्फ एक और इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी नहीं मिली है। आज भारत सुरक्षा के लिए नए रूप से तैयार हो रहा है। सीमा को मजबूत कर रहा है। साथ दुश्मनों को उनके देश में घुसकर जवाब देता है। आज पुलवामा हमले की बरसी है इस हमले के बाद भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, उसे पूरी दुनिया ने देखा।

PM ने कहा- कुछ लोग आज भी कांप रहे हैं, आपने ऑपरेशन सिंदूर में भारत की शक्ति देखी। क्या कांग्रेस में कभी देशहित के लिए इतनी हिम्मत से फैसले लेने की ताकत नहीं थी, वो सिर्फ बयान दे सकते थे। वे सवाल करते है मां भारती क्या होती है। जो मां भारती का अपमान करती हो वो कांग्रेस कभी देश की रक्षा नहीं कर सकती।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था। देश अपनी सेनाओं को मजबूत कर रहा है।भारत सीमाओं पर शानदार हाईवे टनल ब्रिज सब बना रहा है देश की सुरक्षा बढ़ा रहा है, इसलिए कांग्रेस बौखलाई हुई है। उन्हें लगता है मोदी सब कैसे कर लेता है।

### PM बोले- बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से बीजेपी सरकार बनी

प्रधानमंत्री ने कहा- साथियों असम का इतना विकास इसलिए हो रहा है, क्योंकि यहां आप सभी की मेहनत से बीजेपी सरकार बनी। यहां के लोगों ने भाजपा पर भरोसा किया। आपने मेरा बूथ सबसे मजबूत की भावना से बूथ-बूथ जाकर एक-एक परिवार को मिलकर एक-एक मतदाता को जोड़ा। उन्हें अपने वोट की ताकत बताई, इसलिए असम में भाजपा की सरकार बनी।

PM ने कहा- असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने शौचालय बने पीने का पानी घर तक पहुंचा।

## ट्रक-कार में टक्कर, 4 जवानों की मौत



**धमतरी, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के धमतरी के अर्जुनी थाना क्षेत्र में खपरी-धमतरी बायपास पर शनिवार तड़के बस्तर से लौट रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के चार जवानों की एक ट्रक और कार की जोरदार टक्कर में मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार जवान बुरी तरह फंस गए थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जगदलपुर बटालियन से आ रही एक डिजायर कार खपरी बायपास के पास सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही दो जवानों ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य जवानों ने अस्पताल पहुंचने के बाद अंतिम सांस ली। हादसे में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही वरदान परमार्थ एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान, डुमन साहू और हेमंत प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे जवानों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृत जवानों के नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी। दुर्घटना की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में सेना के जवानों और अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। जिले के कलेक्टर अविनाश मिश्रा, महापौर रामू रोहरा सहित कई जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पूरे अस्पताल परिसर में शोक और गम का माहौल देखा गया।

**खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का मामला**

## भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा; न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। NI की रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। FBI के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। US अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर-फॉर-हायर, मर्डर-फॉर-हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है।

**निखिल को यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक से गिरफ्तार किया-** पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था। अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया है कि भारतीय सरकार के एक कर्मचारी ने निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या के लिए एक हिटमैन की व्यवस्था करने को कहा था।

## इमाम बोले-जहां वंदे मातरम् अनिवार्य, वहां से बच्चों को निकालें

उज्जैन में कहा- यह हमारी धार्मिक आजादी पर हमला; फैसला वापस ले सरकार

**उज्जैन, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने 28 जनवरी को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनके मुताबिक, अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम्' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। उज्जैन के इमाम मुफ्ती सैय्यद नासिर अली नदवी ने इस आदेश को इस्लाम विरोधी बताया है। उन्होंने कहा- यह आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। वंदे मातरम् में कहा गया है कि हिंदुस्तान की भूमि की हम पूजा करते हैं, लेकिन मुसलमान के लिए यह बिल्कुल भी सही नहीं है कि वह अल्लाह के साथ किसी और को शरीक कर अपनी पूजा में शामिल करे। हम कहेंगे कि जिन स्कूलों में वंदे मातरम् को अनिवार्य किया जा रहा है, वहां से सभी मुसलमान अपने बच्चों को निकाल लें। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते कि वह इस्लाम में रहकर किसी और खुदा की इबादत करे।

# आगे चल रहे ट्रेलर में घुसी कार, महिला सहित 5 की मौत



**जयपुर, एजेंसी।** चाकसू थाना इलाके में शनिवार सुबह सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसा कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे (एनएच-52) पर टिंगरिया मोड़ के पास हुआ। कार चालक को झपकी आने का अंदेशा है जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

चाकसू थाना अधिकारी मनोहर लाल मेघवाल के मुताबिक कार में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश के निवासी थे और जयपुर की ओर आ रहे थे। हादसे में एक महिला समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद हाईवे पर अफरातफरी मच गई। दुर्घटना के कारण नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दुर्घटना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है, हालांकि अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। मृतकों की शिनाख्त और परिजनों को सूचना देने की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रेड डील से किसानों, डेयरी उत्पादकों या ग्रामीण रोजगारों को नुकसान नहीं: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर आश्वासन दिया है कि भारत और अमेरिका का नया व्यापार समझौता भारत के किसानों, डेयरी उत्पादकों या ग्रामीण रोजगारों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वे किसानों के साथ फर्जी बातचीत करके झूठ फैला रहे हैं। गोयल ने कहा कि ये सब स्क्रिप्टेड है और किसानों के हितों को मोदी सरकार ने पूरी तरह सुरक्षित रखा है। उन्होंने कहा कि सोया मील और मक्का पर कोई छूट नहीं दी गई है, इसलिए किसानों को कोई नुकसान नहीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेब और अखरोट पर भी उन्होंने कहा कि राहुल के वीडियो में कुछ लोग कह रहे हैं कि आयात से किसान बर्बाद हो जाएंगे, लेकिन गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय भी बहुत आयात होता था, फिर अब क्यों झूठ बोल रहे हो। पीएम मोदी हमेशा किसानों के साथ हैं, कई स्कीम्स लाए हैं जैसे आत्मनिर्भर भारत, किसान सुरक्षित, देश विकसित।केंद्रीय मंत्री ने ट्रेड डील समझौते पर पहले भी ये जानकारी दी है कि इस डील से दोनों ही देशों को फायदा होगा। अमेरिका ने कई भारतीय उत्पादों पर जो टैरिफ पहले 50 फीसदी तक लगाए हुए थे, उन्हें घटाकर अब सबके लिए एक समान 18 फीसदी कर दिया है। इस फैसले से भारत को कई दूसरी प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अमेरिका में बहुत कम टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। मतलब हमारे निर्यात करने वाले सामान अब अमेरिकी बाजार में पहले से ज्यादा आसानी से और सस्ते दाम पर बिक सकेंगे। इससे भारतीय व्यापारियों और उद्योगों को बड़ा फायदा होगा क्योंकि टैरिफ कम होने से माल की कीमत कम रहेगी और ज्यादा बिक्री हो सकेगी। ये बदलाव भारत के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने वाला है।

## भारत माता की जय से संविधान की शुरुआत नहीं होती: ओवैसी



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में हुए नगरपालिका चुनाव और फिर सामने आए नतीजों ने पूरे राज्य की राजनीत में गर्माहट तेज कर दी है। इसी बीच एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक साथ कई संसद, हिजाब, वंदे मातरम समेत कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। ओवैसी ने कहा कि यह वफादारी की परीक्षा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान 'वी द पीपल' यानी 'हम भारत के लोग' से शुरू होता है, न कि 'भारत माता की जय' से।ओवैसी ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 25 हर नागरिक को धर्म की स्वतंत्रता का मूल अधिकार देता है।

**अंडमान सागर:**

# भारत-जापान और इंडोनेशिया की नौसेनाओं ने किया युद्धाभ्यास, सुरक्षा और सहयोग में बढ़ाने पर जोर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 13 फरवरी 2026 को भारत, जापान और इंडोनेशिया की नौसेनाओं ने अंडमान सागर में एक त्रिपक्षीय युद्धाभ्यास किया। इस अभ्यास का मकसद तीनों देशों की नौसेनाओं की संयुक्त तैयारी, संचालन क्षमता और सहयोग बढ़ाना था। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास से सुरक्षित, स्थिर और मजबूत समुद्री क्षेत्र बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### भारतीय नौसेना ने सीटीएफ-154 की कमान संभाली

भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद मोकाशी, शौर्य चक्र ने सीटीएफ 154 की कमान इटली की नौसेना के पूर्व कमांडर से औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 का मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण है। यह टास्क फोर्स अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और असामान्य प्रवासन जैसी आम समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

### सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स के साथ करता है काम

गौरतलब है कि सीटीएफ 154, सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्सेज जैसे सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (पाइरेसी रोध), सीटीएफ 152 (अरब सागर में सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में सुरक्षा) के साथ मिलकर कार्य करता है। इस फोर्स के संचालन से भारत की पेशेवर क्षमता, अनुभव और सुरक्षा सहयोग में भरोसा और मजबूत हुआ है।

## मुंबई में बड़ा हादसा, भरभराकर गिरा निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर; कई घायल

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मेट्रो का पिलर गिरने से भयानक हादसा हो गया। घटना मुलुंड की है। जहां अचानक भरभराकर मेट्रो का पिलर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मुलुंड पश्चिम में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का सीमेंट का हिस्सा नीचे से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिरा, जिससे कई लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।

**निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर गिरा, तीन से चार लोग घायल:** घटना के बारे में बीएमसी ने बताया कि आज (शनिवार) दोपहर 12.20 बजे जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी, रुरू रोड, मुलुंड (पश्चिम) के पास मेट्रो पिलर का एक हिस्सा गिर गया।



निर्माण के दौरान सीमेंट मेट्रो पिलर का एक हिस्सा टूटकर एक रिक्शा पर गिर गया।

हादसे के तुरंत बाद मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, मेट्रो स्टाफ, वार्ड स्टाफ और 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

# टीचर का मीम बनाने पर स्कूल ने परीक्षा देने से रोका, सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया 10वीं का छात्र

## सुप्रीम कोर्ट से 10वीं के छात्र को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक छात्र का टीचर्स के खिलाफ मीम बनाना उसे इतना भारी पड़ गया कि कथित तौर पर स्कूल ने उसे परीक्षा देने से रोकने का फैसला कर लिया। दसवीं की बोर्ड परीक्षा होने के कारण छात्र के परिजन मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने छात्र को परीक्षा में बैठने देने का आदेश सुनाया। हालांकि, छात्र को स्कूल पहले ही रस्टिकेट कर चुका है। मध्य प्रदेश के इंदौर का यह मामला काफी रोचक है। आइए आपको बताते हैं कि आखिर इस केस में कब क्या हुआ।

**सुप्रीम कोर्ट ने इजाजत देते हुए CISCE को एडमिट कार्ड जारी करने का निर्देश दिया :** छात्र को शिक्षकों के आपत्तिजनक मीम शेयर करने के आरोप में स्कूल से निकाला था जानकारी के मुताबिक कथित रूप से शिक्षकों के संबंध में



आपत्तिजनक मीम शेयर करने के आरोप में रस्टिकेट इंदौर के नाबालिग छात्र को दसवीं की परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इसकी इजाजत देते हुए CISCE को उसका एडमिट कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि एक स्कूल के रूप में आपको बच्चे को सुधारने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी, लेकिन आपने यह कहकर कि वह खराब लड़का है, उसे बाहर कर दिया।

**सुप्रीम कोर्ट बोला- बच्चे का एक साल खराब हो जाएगा:** जस्टिस बीवी नागरत्ना की कहा कि छात्र पहले ही CISCE के साथ परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुका है। उसे अनुमति नहीं दी गई तो उसका एक साल खराब हो जाएगा। कोर्ट ने कहा कि इन परिस्थितियों में हम CISCE को निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता के बेटे को एडमिट कार्ड जारी कर 17 फरवरी से परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। विवाद की प्रकृति को देखते हुए स्कूल को यह स्वतंत्रता होगी कि वह छात्र को अन्य स्टूडेंट्स के साथ नहीं, बल्कि अलग कक्ष में एग्जाम देने की अनुमति दे। वकील ने कहा कि यह आदेश नहीं आता तो छात्र का साल खराब हो जाता।

# दिल्ली धमाका: कड़ियों को खंगालने के लिए एनआईए को मिली मोहलत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट मामले में एनआईए को जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का अतिरिक्त समय दे दिया है। एनआईए ने आरोपियों के डिजिटल और वित्तीय संबंधों की गहराई से जांच करने के लिए और समय मांगा था जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही सात मुख्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 13 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

**45 दिन की मिली मोहलत :** पटियाला हाउस कोर्ट के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश पीतांबर दत्त ने एनआईए को लाल किले के पास हुए धमाके की जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया। अदालत ने आरोपियों के पैसों के लेनदेन और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच के आधार पर एनआईए की 90 दिन अतिरिक्त समय मांगने वाली याचिका को मंजूरी दे दी।



**आरोपियों की हिरासत भी बढ़ी :** अदालत ने आमिर राशिद मीर, जसीर बिलाल वानी, मुफ्ती इरफान अहमद वागे, डॉ. मुजमिल शकील गनी, डॉ. अदील अहमद राथर, डॉ. शाहीन सईद और शोएब सहित 7 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 13 मार्च तक बढ़ा दी है। शोएब को अदालत में फिजिकली पेश किया गया जबकि बाकी आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई में शामिल हुए।

**डॉ. उमर ने किया था धमाका :** बता दें कि 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास एक कार धमाका हुआ था जिसमें 15 लोग मारे गए थे। आतंकी हमले साजिश का मास्टरमाइंड डॉ. उमर उन नबी विस्फोटकों से भरी कार चला रहा था। वह एक दूसरे आत्मघाती हमलावर को भर्ती करने की कोशिश कर रहा था लेकिन सफल नहीं हो सका क्योंकि उस व्यक्ति ने सेब की पैदावार के मौसम में परिवार की मदद करने की बात कहकर पीछे हटने का फैसला कर लिया था।

**टेरर नेटवर्क का सबसे कट्टर सदस्य था डॉ. उमर :** अधिकारियों ने बताया कि जांच से संकेत मिला है कि नबी केवल आतंकी ही नहीं था वरन रणनीतिक रूप से भर्ती भी करता था। डॉ. उमर उन नबी का मानना था कि आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आत्मघाती हमलावर का होना बेहद जरूरी है।

पुलवामा का डॉक्टर नबी कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले इस टेरर नेटवर्क का सबसे कट्टर सदस्य था। अधिकारियों का मानना है कि वह 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर हमले की साजिश रच रहा था।

**घबरा कर किया धमाका :** चूंकि पहले ही इस टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ हो गया और और विस्फोटक जब्त कर लिए गए जिससे डॉ. उमर उन नबी घबरा गया और उसने जल्दबाजी में लाल किला के बाहर धमाका कर दिया।

अधिकारियों की मानें तो डॉक्टर उमर विस्फोटकों से लदी कार को किसी भीड़ वाली जगह पर, या तो दिल्ली में या किसी धार्मिक महत्व की जगह पर प्लांट करने और भी गायब होने की फिराक में था।

## रेलवे ने 3 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी किया बंद, टिकट बुकिंग को बनाया सुरक्षित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा को बताया कि रेल टिकट आरक्षण के लिए इस्तेमाल किए जा रहे 3.03 करोड़ संदिग्ध यूजर आइडी को 2025 में बंद कर कर दिया गया। इससे रेल टिकट की निर्बाध बुकिंग सुनिश्चित हुई है। प्रश्न के उत्तर में वैष्णव ने कहा कि छह महीनों (दिसंबर 2025 तक) में 60.43 अरब दुर्भावनापूर्ण बाट को ब्लॉक किया गया है। मंत्री के अनुसार, राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर 3.99 लाख संदिग्ध बुकिंग से संबंधित 376 शिकायतें दर्ज की गई हैं। 2025 में 12,819 संदिग्ध ईमेल डोमेन ब्लॉक किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि तत्काल बुकिंग में दुरुपयोग रोकने और निष्पक्षता को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) सत्यापन की शुरुआत की गई है। कई ऐप-स्तरीय सुरक्षा नियंत्रण उपाय भी किए गए हैं। सिस्टम को अत्याधुनिक और डेटा सेंटर-ग्रेड नेटवर्क और सुरक्षा उपकरणों द्वारा सुरक्षित किया गया है।

## साल्टलेक में बहुमंजिला इमारत में भीषण आग, धुएं से महिला कर्मचारी बीमार



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के साल्टलेक सेक्टर- 5 में एक आइटी कंपनी की बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस दौरान लिफ्ट में फंसने और धुएं के चलते एक महिला आइटी कर्मचारी बीमार पड़ गई। पुलिस ने बताया कि दमकल की तीन गाडि़यों की मदद से आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया गया।


**कोलकाता के साल्टलेक में आईटी इमारत में लगी आग :** आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चला है। पता चला है कि आग दोपहर करीब तीन बजे बहुमंजिला इमारत के रेस्टोरेंट में लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तेजी से फैली और कुछ ही पलों में पूरी इमारत काले धुएं से ढक गया। लिफ्ट में फंसने के बाद एक महिला कर्मचारी बीमार पड़ गई। उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

**लिफ्ट में फंसी महिला कर्मचारी धुएं से बीमार हुई :** आग की खबर मिलते ही दमकल की तीन गाडि़यां मौके पर पहुंचीं। इस इमारत में कई कंपनियों के कार्यालय हैं। दमकल कर्मियों ने हालांकि काफी कोशिशों से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग लगने के बाद बहुमंजिला इमारत को खाली करा लिया गया। अभी यह साफ नहीं है कि रेस्टोरेंट में आग कैसे लगी। पुलिस व दमकल विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस बात की जांच की जा रही है कि इस बहुमंजिला इमारत का फायर एक्सटिंग्विशिंग सिस्टम ठीक था या नहीं।

# पुरुषों में वाई क्रोमोसोम के घटने से बढ़ने लगता है बीमारियों का खतरा

### धूम्रपान और प्रदूषण हैं मुख्य कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** । उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों की कोशिकाओं से वाई क्रोमोसोम कम होने लगते हैं। पहले इन क्रोमोसोम्स के गायब होने को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता था, क्योंकि इनमें जीन अपेक्षाकृत कम होते हैं। लेकिन हाल के वैज्ञानिक अध्ययनों ने संकेत दिए हैं कि वाई क्रोमोसोम का घटना पुरुषों के समग्र स्वास्थ्य और आयु पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बता दें कि वाई क्रोमोसोम पुरुषों में ही पाए जाते हैं, जिन्हें अब तक मुख्यत~ लिंग निर्धारण और शुक्राणु निर्माण के लिए ही जरूरी माना जाता था।



नई जीन पहचान तकनीकों से पता चला है कि बढ़ती उम्र के साथ पुरुषों के शरीर के कई ऊतकों में वाई क्रोमोसोम का नुकसान आम हो जाता है। आंकड़ों के अनुसार लगभग 60 वर्ष की उम्र के 40 प्रतिशत पुरुषों और 90 वर्ष की उम्र के 57 प्रतिशत पुरुषों की कुछ कोशिकाओं में वाई क्रोमोसोम नहीं पाया जाता। धूम्रपान और कैंसरकारी रसायनों के संपर्क जैसे कारक भी इस प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं।

**गंभीर बीमारियों से रक्षा कवच है वाई क्रोमोसोम :** वैज्ञानिकों ने पाया है कि वाई क्रोमोसोम का नुकसान सभी कोशिकाओं में नहीं, बल्कि कुछ कोशिकाओं में होता है, जिससे शरीर में कुछ कोशिकाएं वाई के साथ और कुछ बिना वाई के रह जाती हैं। प्रयोगशाला अध्ययनों में वाई-रहित कोशिकाएं सामान्य कोशिकाओं की तुलना में तेजी से बढ़ती देखी गई हैं, जो ट्यूमर बनने की संभावना से भी जुड़ सकती हैं। हालांकि वाई क्रोमोसोम में केवल लगभग 50 प्रोटीन-कोडिंग जीन होते हैं और इसे लंबे समय तक केवल लिंग निर्धारण व शुक्राणु निर्माण से जुड़ा माना गया, परंतु अब शोध यह संकेत दे रहे हैं कि इसके कई जीन शरीर की अन्य कोशिकाओं में भी सक्रिय रहते हैं और जीन नियंत्रण तथा कैंसर-रोधी प्रक्रियाओं में भूमिका निभाते हैं।

**क्रोमोसोम कम, यानी बीमारी का खतरा ज्यादा :** विभिन्न अध्ययनों में वाई क्रोमोसोम के क्षय को हृदय रोग, किडनी की बीमारियों, अल्जाइमर, कैंसर और यहां तक कि कोविड-19 से मृत्यु दर में वृद्धि से भी जोड़ा गया है। एक बड़े यूरोपीय अध्ययन में 60 वर्ष से अधिक उम्र के जिन पुरुषों में वाई क्रोमोसोम का नुकसान अधिक पाया गया, उनमें हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा देखा गया। हालांकि वैज्ञानिक अब भी यह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि वाई क्रोमोसोम का क्षय सीधे बीमारी का कारण बनता है या यह केवल अन्य जैविक प्रक्रियाओं का परिणाम है। फिर भी पशु प्रयोगों और आनुवंशिक अध्ययनों से यह संकेत मिलता है कि वाई क्रोमोसोम शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, रक्त कोशिकाओं के निर्माण और हृदय क्रिया को प्रभावित कर सकता है। विशेष जीन टेस्टिंग से चलता है पता वाई क्रोमोसोम की जांच साधारण ब्लड टेस्ट या सामान्य हेल्थ चेक-अप से नहीं हो सकती।

इसके लिए विशेष आनुवंशिक टेस्ट कराना पड़ता है, जो उन्नत लैब में होते हैं। खून या लार से डीएनए निकालकर वाई क्रोमोसोम के खास जीन (जैसे एसआरवाई) की मौजूदगी या कमी देखी जाती है। बड़े मल्टी-स्पेशियलिटी हास्पिटल जिनमें मालिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स या साइटोजेनेटिक्स विभाग हो या मान्यता प्राप्त प्राइवेट जेनेटिक/डीएनए टेस्टिंग लैब्स में ये जांच हो सकती है।

## आइबीसी और ट्रिब्यूनल के बारे में अनावश्यक टिप्पणियां बंद कर देना चाहिए : जस्टिस सुधाकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश रामलिंगम सुधाकर ने कहा कि लोगों को आइबीसी कानून और न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) के कार्यों के बारे में अनावश्यक टिप्पणियां करना बंद कर देना चाहिए। एनसीएलटी इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आइबीसी) के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण संस्था है। कानून के तहत समाधान योजनाओं को ट्रिब्यूनल द्वारा अनुमोदित किया जाता है। जस्टिस रामलिंगम सुधाकर न्यायाधिकरण के प्रमुख के रूप में कार्यकाल पूरा करने के बाद अपने पद से कार्यमुक्त हो गए। वदाई समारोह में सुधाकर ने कहा कि हम कैसे कह सकते हैं कि आइबीसी, एनसीएलटी में कुछ गड़बड़ है, जबकि इतने सारे लोगों को इससे फायदा हुआ है। अच्छे लोगों की चुप्पी गलत धारणा रखने वालों को बेवजह की टिप्पणियां करने का मौका दे रही है। यह सब बंद होना चाहिए।



## दर्दनाक! कर्नाटक के सरकारी स्कूल में 6 साल की बच्ची की कटी उंगलियां, स्टाफ ने उठाकर डस्टबिन में डाला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के बेंगलुरु में घोर लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। तुमकुरु के बाहरी इलाके के एक सरकारी स्कूल में 6 साल की बच्ची की दो उंगलियां कट गई। इसके बाद कटी उंगलियों को डस्टबिन में डाल दिया गया है। यह घटना 11 फरवरी को हुई थी लेकिन इसका पता अब चला है। कक्षा एक की छात्रा गुलुरु के स्कूल कैंपस में अपने मिड-डे मील के लिए लाइन में इंतजार कर रही थी, तभी कथित तौर पर क्लासरूम का लोहे का दरवाजा उसके हाथ पर पटक दिया गया। उसकी दो उंगलियां कट गई। बहुत ज्यादा खून बहने के बावजूद स्कूल में मौजूद टीचर उसे हॉस्पिटल नहीं ले गए।

**कटी उंगलियों को कूड़ेदान में फेंका गया :** यह दावा किया जा रहा है कि कटी हुई उंगलियों को झाड़ू लगाकर कूड़ेदान में फेंक दिया गया था। अपनी शिकायत में उसके माता-पिता ने आरोप लगाया कि उंगलियों को बचाने या इमरजेंसी केयर का इंतजाम करने की कोई कोशिश नहीं की गई। बच्ची के पिता को इस बात की जानकारी बाद में हुई इसलिए छात्रा को देर से इलाज मिल सका। उनका आरोप है कि समय पर बच्ची को इलाज मिल गया होता तो उसकी उंगलियां जोड़ी जा सकती थीं। जब माता-पिता कटी हुई उंगलियां ढूंढ़ने स्कूल लौटे तो उन्हें कथित तौर पर बताया गया कि स्टाफ ने उन्हें फेंक दिया क्योंकि खून देखकर दूसरे छात्र डर गए थे।

**स्कूल स्टाफ के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत :** लड़की के परिवार वालों ने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल अधिकारियों ने उसके माता-पिता के अकाउंट में 2,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए, ताकि वे इस मामले से अपना पल्ला झाड़ सकें। शिकायत के बाद तुमकुरु रूरल पुलिस ने हेडमास्टर नागेश, टीचर रेणुकम्मा और वेंकटेश, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर हनुमंथप्पा के खिलाफ लापरवाही और इमरजेंसी में लापरवाही बरतने के आरोप में एफआईआर दर्ज की।

## ईरान में सत्ता परिवर्तन से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता: ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है और अमेरिकी प्रशासन इस बात पर विचार कर रहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की जाए अथवा नहीं। ट्रंप ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले उन्होंने दिन में पुष्टि की थी कि वह ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई के लिए पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत तैनात कर रहे हैं।



ईरान में इस्लामी शासन के अंत के प्रयासों के बारे में पत्रकारों के प्रश्न पर ट्रंप ने कहा, इससे अच्छा और कुछ नहीं हो सकता। वे 47 सालों से सिर्फ बातें कर रहे हैं। ट्रंप ने पहले कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड को कैरेबियाई सागर से पश्चिम एशिया भेजा जा रहा है, वहां पहले से ही अमेरिकी युद्धपोत और सैन्य हथियार मौजूद हैं। यह तैनाती ऐसे समय में की जा रही है जब कुछ ही दिन पहले ट्रंप ने संकेत दिया था कि ईरान के साथ एक और दौर की वार्ता जल्द हो सकती है, हालांकि ये वार्ताएं नहीं हो सकीं। इस सप्ताह तेहरान के एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ओमान और कतर का दौरा किया और वहां अमेरिकी मध्यस्थों के साथ भी बातचीत की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दूसरे विमानवाहक पोत के बारे में संवाददाताओं से कहा, अगर हम कोई समझौता नहीं कर पाए, तो हमें इसकी जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा, यह बहुत जल्द रवाना होगा। अरब देशों ने पहले ही चेतावनी दी है कि किसी भी हमले से क्षेत्रीय संघर्ष भड़क सकता है, खासकर ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया अब भी गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के प्रभाव से उबरने की कोशिश कर रहा है। ईरान में पिछले महीने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शनों पर की गई कार्रवाई में मारे गए हजारों लोगों की याद में ईरान में 40 दिन के शोक की अवधि प्रारंभ हो रही है।

## अमेरिका में भारतीय स्टूडेंट चार दिन से लापता, दूतावास ने जताई चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पढ़ने गए 22 वर्षीय भारतीय छात्र के लापता होने की खबर सामने आई है। छात्र साकेत श्रीनिवासैया कर्नाटक का रहने वाला था और बर्कले विश्वविद्यालय से पोस्ट-ग्रेजुएट कर रहा था। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने छात्र के गायब होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। छात्र के गायब होने को लेकर चिंतित कॉन्सुलेट जनरल ने ङ्क पर एक पोस्ट में लिखा, सैन फ्रांसिस्को में भारत का कॉन्सुलेट जनरल, कर्नाटक राज्य के रहने वाले बर्कले के एक भारतीय पोस्ट-ग्रेजुएट स्टूडेंट साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने को लेकर बहुत चिंतित है। कॉन्सुलेट परिवार के संपर्क में है और स्टूडेंट का पता लगाने के लिए संबंधित लोकल अधिकारियों से भी संपर्क में है।




**पहले भी हो चुकी है ऐसी घटनाएं :** हालांकि, यह ऐसी पहली घटना नहीं है। विदेश में रहने वाले भारतीय स्टूडेंट्स अक्सर अधिकारियों द्वारा भेदभाव, नस्लभेदी हमलों और लापरवाही की शिकायत करते हैं। लोकसभा में सांसद असदुद्दीन ओवैसी के विदेश में स्टूडेंट सेफ्टी के बारे में उठाए गए एक सवाल में, विदेश मंत्रालय ने भारतीय स्टूडेंट्स को सुरक्षित रखने की अपनी कोशिशों पर जोर दिया।

## गाजियाबाद में नशीला पेय पिला महिला से रेप, इस्लाम कबूलवाने का दबाव

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के मसूरी थानाक्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म, जबरन वसूली और धर्म परिवर्तन का दबाव डालने का मामला सामने आया है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी शाहरुख ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर अश्लील फोटो-वीडियो के जरिये लंबे समय तक ब्लैकमेल करता रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी दबंग और क्रिमिनल प्रवृत्ति का है, जिससे उसकी जान का खतरा है।

**कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म :** पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2025 में शास्त्रीनगर निवासी शाहरुख ने उसे नौकरी दिलाने का लालच देकर अपने कार्यालय बुलाया। वहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। होश आने पर उसने खुद को निर्वस्त्र अवस्था में पाया। इस दौरान आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर धमकी दी कि शिकायत करने पर वह उन्हें वायरल कर देगा।

**ब्लैकमेल किया, 6.25 लाख हड़प लिए :** पीड़िता के मुताबिक, डर और सामाजिक बदनामी के चलते वह चुप रही। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने उसे लगातार ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वह बार-बार उसे अपने पास बुलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान आरोपी ने अवैध रूप से रुपयों की मांग की और धमकी देकर करीब 6.25 लाख रुपये हड़प लिए। मोटी रकम वसूलने के लिए वह उस पर संपत्ति बेचने का दबाव बनाने लगा। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**पुलिस आरोपी को थाने ले गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की :** महिला का कहना है कि फरवरी 2026 की शुरुआत में शाहरुख उसे एक कॉलोनी में ले गया, जहां उसने फिर से जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उस पर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की गई। वह आरोपी के हाथ-पैर जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपी ने एक न सुनी। महिला के मुताबिक उसने डायल-112 पर फोन किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों को मसूरी थाने ले गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

## भारत के खिलाफ आतंकी साजिश और मौत की सजा, वो 3 अपराधी; जिन्हें यूनुस ने दी माफी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी जीत हासिल की है। इस चुनाव में तीन नेता ऐसे भी हैं, जो बहुत ही भाग्यशाली रहे। इनमें दो नेता बीएनपी के और एक जमात-ए-इस्लामी से हैं। बीएनपी के लुत्फेज्जमां बाबर, अब्दुस सलाम पिंटू और जमात के अजहरुल इस्लाम इन तीनों पर गंभीर आरोप लगे हैं। हालांकि मुहम्मद यूनुस ने इन पर लगे सभी आरोपों को हटा दिया था। अब ये तीनों बांग्लादेश की संसद में बैठेंगे।



**क्या आरोप लगे :** दिसंबर 2024 में बांग्लादेश हाई कोर्ट ने तारिक रहमान, लुत्फोज्जमां बाबर और दूसरे लोगों को बरी कर दिया। इन लोगों को 21 अगस्त 2004 को शेख हसीना को टारगेट करके किए गए ग्रेनेड हमले से जुड़े दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। हालांकि वह बाल-बाल बच गई, लेकिन 24 लोग मारे गए थे। लुत्फोज्जमां बाबर ने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी को 1.6 लाख वोटों से हराया। इसके अलावा अब्दुस सलाम पिंटू लगभग 2 लाख वोटों से जीता। ये वही पिंटू है जिसे ग्रेनेड अटैक मामले में बरी किया गया। इतना ही नहीं पिंटू पर पाकिस्तान के टेरर ग्रुप हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) का समर्थन करने का आरोप था, जो भारत में हमलों के पीछे था। इसमें 2006 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक कोर्ट परिसर में, 2007 में अजमेर शरीफ दरगाह में और 2011 में दिल्ली में हुए धमाके शामिल हैं।

**जमात के इस्लाम पर क्या आरोप :** कहा जाता है कि 1971 के लिबरेशन वॉर में 1,200 से ज्यादा लोगों की मौत के लिए इस्लाम जिम्मेदार था। वह रेप के 13 मामलों में भी आरोपी है। इन सभी जुर्मों के लिए उसे 2014 में मौत की सजा दी गई थी, लेकिन अमेरिका से लौटे नोबेल पुरस्कार विजेता ने उसे माफ कर दिया और सभी आरोपों से बरी कर दिया। इन तीनों नेताओं को मौत की सजा सुनाई गई, लेकिन यूनुस ने इन्हें माफ कर दिया और अब ये बांग्लादेश की संसद में बैठेंगे।

## वेनेजुएला पर ट्रंप ने बघारी शेखी बोले- दुनिया ने देखी अमेरिका की ताकत

**टन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले अमेरिकी विशेष बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले महीने की गई इस कार्रवाई से पूरी दुनिया ने अमेरिका की पूर्ण सैन्य शक्ति को देखा और इससे यह सुनिश्चित हुआ कि दुनियाभर के संभावित शत्रु हमसे डरें। ट्रंप ने फोर्ट ब्रैग के सैनिकों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा, आपके कमांडर-इन-चीफ पूरी तरह आपका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा जब जरूरत होगी, आप लड़ेंगे आप जीतेंगें...। राष्ट्रपति और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने सैन्य परिवारों से निजी तौर पर भी मुलाकात कीं।

लेकिन यह दौरा अमेरिकी सशस्त्र बलों का अभिनंदन करने के लिए आयोजित आधिकारिक दौरे से कहीं अधिक एक राजनीतिक रैली सरीखा था। ट्रंप ने मादुरो को सत्ता से हटाने वाले हमले की प्रशंसा से पहले रिपब्लिकन नेशनल कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति समर्थित माइकल व्हाटली को मंच पर बुलाया क्योंकि वह अब उत्तरी कैरोलिना से सीनेट के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।



राष्ट्रपति ने कहा, उस रात पूरी दुनिया ने देखा कि अमेरिकी सेना क्या कर सकती है। यह अभियान इतना सटीक और अविश्वसनीय था। ट्रंप ने कहा, जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, हम दुनिया की सबसे बेहतरीन नेतृत्व वाली, सबसे प्रशिक्षित, सबसे सुसज्जित, सबसे अनुशासित और सबसे विशिष्ट लड़ाकू सेना होंगे।

# स्वच्छता यूथ कनेक्ट के तहत कोतवाली घाट पर श्रमदान, युवाओं ने दिया स्वच्छता का संदेश





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम द्वारा 'स्वच्छता यूथ कनेक्ट' पहल के अंतर्गत शनिवार को कोतवाली घाट पर विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया इस अभियान में रिफॉर्म भारत स्वयंसेवी संगठन के युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और नगर निगम की स्वच्छता टीम के साथ मिलकर घाट परिसर की व्यापक सफाई की अभियान के दौरान घाट की सीढ़ियों, किनारों और आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक, पॉलिथीन, कागज, बोतलें तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर व्यवस्थित रूप से निस्तारित किया गया घाट परिसर में जमा कचरे को हटाकर साफ-सुथरा वातावरण तैयार किया गया जिससे वहां आने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों को स्वच्छ माहौल मिल सके कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी रहा 'स्वच्छता यूथ कनेक्ट' से जुड़े युवाओं ने घाट पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया उन्होंने कचरा पृथक्करण (ड्राई और वेट वेस्ट अलग करने) की आवश्यकता तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी युवाओं ने बताया कि प्लास्टिक कचरा न केवल जल स्रोतों को प्रदूषित करता है बल्कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है इस दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे घाट या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और निर्धारित स्थानों पर ही कूड़ा डालें स्वच्छता टीम द्वारा यह भी बताया गया कि नगर निगम नियमित रूप से घाटों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करता है लेकिन जनसहयोग के बिना स्थायी स्वच्छता संभव नहीं है कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# ऑनलाइन रेफरल जज प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के सहयोग से मीडिएशन फॉर द नेशन 2.0 अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन रेफरल जज प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायालयीन व्यवस्था में मीडिएशन की भूमिका को सुदृढ़ करना, वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करना तथा लंबित मामलों के शीघ्र, सरल एवं सौहार्दपूवर्ण निपटाने को प्रोत्साहित करना रहा कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी एवं समस्त न्यायाधीशगण की उपस्थिति में किया गया प्रशिक्षण सत्र के दौरान मीडिएशन की अवधारणा, मीडिएशन से संबंधित विधिक प्रावधानों, प्रकरणों को मीडिएशन हेतु रेफर करने की प्रक्रिया, रेफरल जज की भूमिका एवं दायित्व, प्री-लिटिगेशन मीडिएशन तथा आपसी सहमति से विवाद समाधान के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न न्यायालयों से जुड़े न्यायधिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की प्रशिक्षण सत्र को संवादात्मक बनाया गया, जिससे प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने एवं प्रश्नों के समाधान का अवसर प्राप्त हुआ कार्यक्रम में यह भी रेखांकित किया गया कि रेफरल जज की सकारात्मक सोंच, संवेदनशील दृष्टिकोण एवं सक्रिय भूमिका मीडियेशन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देती है कार्यक्रम में उपस्थित प्रयाग लाल दिनकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी एवं दीपक शर्मा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय यतीन्द्र कुमार गुरू विशेष न्यायाधीश, मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश, राकेश कुमार सोनी श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश, उर्मिला यादव प्र.अ.स. न्यायाधीश के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जि.वि.से.प्रा. सुनीता रावत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी , सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी , कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी , मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी , अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में अटल टिंकरिंग लैब प्रदर्शनी का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक सोच एवं तकनीकी दक्षता के विकास के उद्देश्य से 13 फरवरी 2026 को अटल टिंकरिंग लैब प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया यह प्रदर्शनी पीएम योजना के अंतर्गत आयोजित की गई कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. के. त्रिपाठी, उप-प्राचार्य एस. के. तिवारी तथा अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी हरदीप (टीजीटी गणित) के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न नवाचारी मॉडल एवं तकनीकी प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया जिन्हें उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने सराहा इस अवसर पर पीएम योजना के अंतर्गत 40 दिनों के लिए नियुक्त प्रशिक्षक आशीष शर्मा की विशेष उपस्थिति रही उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, समस्या समाधान तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया कार्यक्रम के अंत में एटीएल ट्रेनर आशीष शर्मा ने प्राचार्य, उप-प्राचार्य, अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# हाईकोर्ट के आदेश, बावजूद रात में चल रही हड्डी फैक्ट्री; प्रदूषण और बीमारियों से परेशान स्थानीय लोगों ने की शिकायत

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सोहावल इलाके में स्थित एक हड्डी फैक्ट्री से स्थानीय लोग परेशान हैं आरोप है कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद यह फैक्ट्री रात के समय अवैध रूप से संचालित हो रही है जिससे आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है और बीमारियां फैल रही हैं मेसर्स सोहावल बोन इंडस्ट्रीज नामक यह फैक्ट्री सोहावल स्थित देवीजी मंदिर के बगल में संचालित है, जिसके ठीक पास एक बस्ती भी बसी हुई है फैक्ट्री से निकलने वाली हड्डियों की सड़ांध और दुर्गंध से सोहावल की बस्ती में रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है कोर्ट ने 13 दिसंबर 2024 को इस फैक्ट्री के प्रॉपराइटर मोहम्मद असलम निवासी इटौरा, तहसील रघुराजनगर के विरुद्ध आदेश पारित किया था इस आदेश में फैक्ट्री को पूरी तरह बंद करने और संग्रहित हड्डियों को हटाने का निर्देश दिया गया था हालांकि, स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस आदेश का उल्लंघन करते हुए रात के अंधेरे में फैक्ट्री में काम धड़ल्ले से जारी है स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर, आवासीय कॉलोनी और नेशनल हाईवे के नजदीक होने के बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन कर रहा है दुर्गंध के कारण तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं और वातावरण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है पिछले दिनों शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने फैक्ट्री पर ताला लगा दिया था, लेकिन इसके बाद भी यह फिर से संचालित हो रही है स्थानीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर, एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत की है वे प्रशासन से इस फैक्ट्री को कहीं अन्यत्र स्थापित करने की मांग कर रहे हैं सोहावल की जनता की शिकायत पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के अंतर्गत प्रशासन द्वारा प्रकरण भी दर्ज किया गया था साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिवेदित किया गया था कि संस्थान की वैधता दिनांक 30 सितंबर 2004 तक थी वर्तमान में संस्थान द्वारा बोर्ड से सम्मति नहीं प्राप्त की गई है इसके बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन को कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है इस मामले में हाईकोर्ट जबलपुर ने 24 अक्टूबर 2024 के अपने आदेश में प्रशासन को निर्देशित किया था कि संचालित फैक्ट्री की समस्त प्रक्रियाओं को तुरंत प्रभाव से बंद करें फैक्ट्री में संग्रहीत सभी हड्डियों को हटाने की व्यवस्था करें इसके बाद सारे विभागों से एनओसी दिए जाने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाए कुछ दिनों के लिए यह फैक्ट्री बंद रही है लेकिन फिर से यह फैक्ट्री रात के अंधेरे में उसी प्रकार से संचालित की जाने लगी लोगों का कहना है कि बोन हड्डी के संचालक द्वारा उच्च न्यायालय के फैक्ट्री बंद कर देने के आदेश के बाद भी रात्रि में फैक्ट्री खोलकर चोरी छिपे फैक्ट्री का संचालन किया जाता है और हड्डी की पिसाई की जाती है लोगों का कहना है कि आसपास का वातावरण दूषित रहता है या तो संचालक यहां से पलायन करे या लोग पलायन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे उधर, इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट एल आर जांगड़े ने जहां जांच कराए जाने की बात कही है तो वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक गणेश बैगा ने बताया कि ग्रामीणों से शिकायतें मिली है स्थल निरीक्षण कर स्थितियों का जायजा लेंगे।

## आरटीओ कार्यालय के बाहर ऑनलाइन दुकानों में चोरी का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले में आरटीओ कार्यालय के बाहर ऑनलाइन दुकानों में हुई चोरी का कोतवाली बैढ़न पुलिस ने खुलासा किया है इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्होंने लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुराए थे पुलिस के अनुसार, यह घटना 9 और 10 फरवरी की मध्यरात्रि को हुई थी। अज्ञात चोरों ने दुकानों के शटर तोड़कर लैपटॉप, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन और अन्य उपकरण चुरा लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाना बैढ़न में अपराध क्रमांक 154/2026, धारा 331(4) और 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था घटना के बाद, पुलिस टीम ने मुखबिरों और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से संदेही धनवंतरी शर्मा को हिरासत में लिया पूछताछ में उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी करने की बात कबूल की आरोपियों ने चोरी का सामान बेचने की बात भी स्वीकार की जांच के दौरान, पुलिस ने चोरी के 3 प्रिंटर, 1 लेमिनेशन मशीन, 1 इन्वर्टर, यूपीएस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए चोरी का सामान खरीदने वाले एक अन्य आरोपी को भी इस मामले में शामिल किया गया है जिस पर धारा 61 और 317(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है इस मामले में एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों ने राहत महसूस की है पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में कोतवाली बैढ़न पुलिस टीम ने इस चोरी के मामले का त्वरित खुलासा किया।

## छुहिया घाटी में लगी आग, 6 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित लोगों की सूचना पर पहुंचे वनकर्मी आग बुझाने की कर रहे हैं कोशिश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत बघवार स्थित छुहिया घाटी में आग लग गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में लगभग 6 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है आग तेजी से फैली जिससे पेड़-पौधे और झाड़ियां इसकी चपेट में आ गईं हादसे में पर्यावरण और जैव विविधता को नुकसान पहुंचने की आशंका है घटना शनिवार दोपहर 3 बजे की है स्थानीय लोगों ने घाटी क्षेत्र से धुआं और लपटें उठती देख तुरंत फायर ब्रिगेड और वन विभाग को सूचना दी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और मौके पर तैनात वनकर्मी आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए हालांकि, यह क्षेत्र दुर्गम और पहाड़ी होने के कारण आग बुझाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है बघवार में तैनात वनकर्मी विक्रम सिंह ने बताया कि उन्हें शुरुआत में आग की जानकारी नहीं थी लेकिन चौकीदार मौके पर पहुंच चुके हैं और आग बुझाने की कोशिश की जा रही है उन्होंने यह भी कहा कि टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आग को आगे फैलने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है वन विभाग की ओर से मामले की जांच की बात कही जा रही है, ताकि आग की वास्तविक वजह सामने आ सके वहीं, ग्रामीणों का मानना है कि गर्मी और सूखे मौसम के कारण जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे हर साल वन संपदा को क्षति होती है।


## वन स्टॉप सेंटर पनवार पॉलिटेक्निक कॉलेज में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा प्रशासक सरोज खरे के सहयोग से वन स्टॉप सेंटर सीधी के कर्मचारियों द्वारा पनवार पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में एनएसएस के छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा हेल्पलाइन के माध्यम से मिलने वाली मदद के बारे में भी बताया गया

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह की रोकथाम को लेकर विशेष रूप से जागरूक किया गया छात्राओं को बताया गया कि वे किसी भी समस्या की स्थिति में निडर होकर हेल्पलाइन की सहायता लें उनकी पहचान और जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है।

# दो घंटे चिमटे से पीटा महिला-पुरुष के सिर काटे :गर्दन पर कुल्हाड़ी से 15-20 वार



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जियावन थाना क्षेत्र के अतरवा गांव में 12 फरवरी की सुबह उसकी सास फूल कुमारी (50) और कमल सिंह (65) की हत्या कर दी गई वहीं, सुमित्रा सिंह और रामभजन सिंह घायल हो गए दोनों बैढ़न जिला अस्पताल में भर्ती हैं पुलिस ने आरोपी छत्रपति सिंह (21) को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी को रिमांड पर लिया है पोस्टमॉर्टम के दौरान पता चला कि कुल्हाड़ी से कमल सिंह के शरीर पर 25 से 30 और महिला पर 10 से 15 वार किए गए हैं दोनों के गर्दन, कंधे और छाती पर गहरे घाव हैं हालांकि महिला का सिर धड़ से अलग नहीं हुआ लेकिन काटने का प्रयास किया गया था मृतक फूलकुमारी की बहू राधा ने बताया कि गुरुवार को घर के मर्द शादी में गए थे मैं और सास घर में सो रहे थे सवेरे करीब 4 बजे पड़ोसी छत्रपति ने दरवाजा खटखटाया सास फूलकुमारी ने दरवाजा खोला छत्रपति ने कहा कि घर में पूजा है, तुम चलो सास ने यह कहकर मना कर दिया कि इतनी जल्दी पूजा नहीं करते मैं नहीं आऊंगी यह कहते ही आरोपी ने सास को चिमटे से पीटना शुरू कर दिया करीब 20 फीट दूर तक अपने घर के आंगन तक घसीटकर ले गया वारदात के वक्त आरोपी के घर पर उसकी पत्नी शांति और मां हीरा काली भी थे उसके पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है शोर सुनकर मैं भी पहुंच गइ आरोपी के हाथ में कुल्हाड़ी थी वह सास की गर्दन पर लगातार ताबड़तोड़ वार कर रहा था।

## कक्षा 10वीं की वोकेशनल विषय से हुई शुरुआत 3502 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी और डीईओ पवन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हायर सेकेण्डरी सर्टिफिक्रेट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है हाई स्कूल कक्षा 10वीं की परीक्षा में पहले दिन जिले के 53 परीक्षा केन्द्रो में व्यावसायिक विषय की परीक्षा आयोजित हुई जिसमें दर्ज 3559 छात्रों में से 3503 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 57 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो रही है परीक्षा में कानून व्यवस्था बनाये रखने, परीक्षा की पवित्रता बनाये रखने एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर द्वारा 16 पैनल गठित किये गये है सभी एस.डी.एम. डीईओ, एडीपीसी, एपीसी, एडी ट्राइबल, सभी बीईओ द्वारा परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया जा रहा है।

# कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान के तहत में मैनिट टीम करेगी यातायात सर्वे



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर में बढ़ते यातायात दबाव, असंतुलित वाहन वृद्धि और सार्वजनिक परिवहन के सीमित उपयोग को ध्यान में रखते हुए कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान के अंतर्गत एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई बैठक में यातायात विभाग, एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई तथा सर्वेक्षण के लिए आई बैठक में निर्णय लिया गया कि मैनिट की टीम रीवा शहर में बेहतर मोबिलिटी व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से जंक्शन सुधार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग, वर्तमान यातायात समस्याओं एवं पैदल यात्रियों (पेडेस्ट्रियन) की सुविधाओं से संबंधित विस्तृत सर्वे करेगी मैनिट से आई टीम में 10 राज्यों के 28 शहरों से आए 44 छात्र शामिल हैं टीम निर्देशक सह-प्राध्यापक राहुल तिवारी ने जानकारी दी कि शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक वॉल्यूम काउंट, ओरिजिन-डेस्टिनेशन आधारित हाउसहोल्ड सर्वे, पीक आवर एनालिसिस और ट्रैफिक फ्लो स्टडी के माध्यम से डेटा संकलित किया जाएगा यह सर्वे 14 फरवरी से 20 फरवरी तक संचालित रहेगा सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शहर के लिए एक डेटा-आधारित यातायात दस्तावेज तैयार किया जाएग इस अध्ययन के आधार पर भविष्य में चौराहों के लिए सर्कुलेशन प्लान, सिटी बस की आवश्यकता, पार्किंग एवं यातायात प्रबंधन, बस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के विकास और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने संबंधी योजनाओं पर कार्य किया जा सकेगा इस दौरान नगर निगम से कार्यपालन यंत्री एच.के. त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, ट्रैफिक टीआई अनिमा शर्मा, सुबेदार अखिलेश कुशवाहा, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मुरारी कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# गुमशुदाओं की तलाश

संपादकीय

पिछले दिनों दिल्ली में अप्रत्याशित रूप से लोगों की गुमशुदगी की घटनाओं ने नीति-नियंताओं व अदालतों समेत पूरे देश का ध्यान खींचा। इस मामले में संज्ञान लेते हुए देश की शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस बात की जांच करने के निर्देश दिए कि देश के विभिन्न इलाकों में बच्चों की लगातार लापता होने की घटनाओं में कहीं किसी देशव्यापी गिरोहों का हाथ तो नहीं है? संकट कितना बड़ा है यह इस बात से पता चलता है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार साल 2023 में सारे देश से करीब आठ लाख लोग लापता हुए हैं, जिनमें अधिकांशतः बच्चे, महिलाएं और लड़कियां शामिल रही हैं। जाहिर तौर पर लापता लोगों का बढ़ता आंकड़ा कहीं न कहीं तंत्र की लापरवाही को ही उजागर करता है, जिसके चलते अपराधी-तत्व अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। इसी साल जनवरी के पहले पखवाड़े में सिर्फ दिल्ली से आठ सौ लोगों के लापता होने की खबरों ने देशवासियों की चिंताओं को बढ़ाया है। देशवासियों में इस बात को लेकर भी चिंता और नाराजगी है कि इस गंभीर आपराधिक संकट के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के समन्वय से कोई व्यापक अभियान क्यों नहीं चलाया जाता। विडंबना यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई प्रामाणिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, जिससे यह पता चल सके कि राज्यवार कितने लोग वापस लौटे हैं और कितने लोग अभी भी गायब हैं। निश्चित रूप से इस संकट से निपटने के लिए एकीकृत राज्यवार ब्योरा उपलब्ध कराने की जरूरत है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार के प्रतिनिधि ने सुप्रीम कोर्ट में इस बात को स्वीकार किया है कि राज्यों से लापता बच्चों और उनसे जुड़े अभियोजन के अंतिम आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। दरअसल, यह पहली बार नहीं है कि शीर्ष अदालत ने लापता बच्चों के आंकड़े जुटाने को कहा हो। कोर्ट ने बीते साल दिसंबर में भी केंद्र सरकार से लापता बच्चों से जुड़े पिछले छह साल के देशव्यापी आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत राज्य के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करके प्रामाणिक जानकारी जुटाने को कहा था। इतना ही नहीं, गुमशुदा बच्चों की तलाश के मामले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के भी निर्देश दिए गए थे। इस दिशा में अपेक्षित प्रगति का न होना हमारे तंत्र की व्यवस्थागत कमियों को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से सारे देश से यदि लाखों लोगों के लापता होने के आंकड़े सामने आ रहे हैं, तो बहुत संभव है कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा होगा। साथ ही यह भी पता लगाने की जरूरत है कि लापता लोगों के मामले में अपराधियों की कारगुजारियों में कहीं एकरूपता तो नहीं है।

## धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण त्यौहार है महाशिवरात्रि

**रमेश सर्राफ धमोरा**

(15 फ़रवरी महाशिवरात्रि पर विशेष)

भगवान शिव का त्यौहार है महाशिवरात्रि। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है।

योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। हिंदू धर्म में सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है। इस दिन सभी शिव मंदिरों में भीड़-भाड़ का माहौल रहता है। महाशिवरात्रि के दिन सभी भक्त महादेव की कृपा पाने के लिए विधिवत पूजा-पाठ करते हैं। पंचांग के अनुसार शिवरात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है।

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्धारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं।

पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया।

संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अतः उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये। एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये।

**ब्रह्मा और विष्णु ने शिव के तेज का आदि-अंत खोजने की कोशिश की,तब वे एक अनंत अग्नि-स्तंभ के रूप में प्रकट हुए। वही 'अग्नि-लिंग'अरुणाचल कहलाया।हारोहल्ली का यह मंदिर उसी पवित्र स्वरूप की याद में निर्मित बताया जाता है।यहाँ भगवान शिव का लिंगाकार रूप पत्थर की गहराई में प्रतिष्ठित है - इतना प्राचीन कि लगता है जैसे धरती स्वयं इसकी आराधना करती हो मानव इस भौलिकवादी युग में इतना लिप्त हो चुका है। वह जीवन जीने का तरीका व सलीका भुल गया है।तभी तो वहअपने जीवन जीविका के जंग में इतना उलझ कर रह जाता है,वह स्वयं अपने को अकेला -अ सहाय महसुस करता है।आज हम आप को एक ऐसी दिव्य पवित्र स्थली के बारे बताने जा रहे है, जहाँ जीवन की दौड़ में अचानक थम-सा जाता है-जब किसी स्थान की नीरवता,किसी मंदिर की घंटी की ध्वनि या किसी पत्थर की ठंडक भीतर तक उतर जाती है।**

# श्री अरुणाचलेश्वर मंदिर, हारोहल्ली - पत्थर में साँस लेता इतिहास और भक्ति का अनंत स्वर

**विनोद कुमार सिंह**

**महाशिव रात्रि पर विशेष आलेख**



इसके लिए आपको बेंगलुरु से लगभग 35 किलोमीटर दूर हारोहल्ली नामक पहुँचना होगा, विगत दिनों मुझे दक्षिण भारत के यात्रा पर जाने का अवशर मिला था ।उनमें एक जगह का नाम है।हारोहल्ली – जहाँ के पत्थरों में साँस लेता इतिहास और भक्ति का अनंत मौन के स्वर आज भी गुजंते है। जहाँ समय जैसे ठहर-सा गया है।हरियाली से घिरे इस शांत गाँव में विराजमान है -श्री अरुणाचलेश्वर मंदिर,जिसे स्थानीय लोग डोड्डा गुड़ी कहते हैं।लगभग छः सौ वर्ष पुराना यह मंदिर दक्षिण भारत की स्थापत्य परंपरा,आस्था और दिव्यता का जीवंत उदाहरण है।बेंगलुरु से आध्यात्म की ओर कंक्रीट के जंगल और हाई-टेक जीवन के बीच बेंगलुरु की सड़कें अक्सर शोर से भर जाती हैं, पर जैसे ही आप कनकपुरा रोड की ओर निकलते हैं,हवा में ठंडक और मिट्टी की खुशबू महसूस होती है।यहीं कहीं,पहाड़ियों और खेतों के बीच अचानक एक पत्थर की गोपुरम( मंदिर द्वार )दूर से नजर आती है मानो कोई प्राचीन प्रहरी आज भी युगों से भक्ति की रखवाली कर रहा हो।यही है श्री अरुणाचलेश्वर मंदिर-एक ऐसा स्थान,जहाँ पहुँचकर लगता है जैसे समय पीछे लौट गया हो,किसी ऐसे युग में जब शिल्प,साधना और श्रद्धा एक ही धारा में बहते थे ।अरुणाचलेश्वर - वह जो स्वयं प्रकाश है -भगवान शिव का यह स्वरूप अरुणाचलेश्वर कहलाता है। 'अरुण' का अर्थ है प्रकाश,और 'अचल' का अर्थ अविचल-अर्थात वह दिव्य शक्ति जो अडिग और अनंत है।एक पौराणिक कथाओं के अनुसार,जब ब्रह्मा और विष्णु ने शिव के तेज का आदि-अंत खोजने की कोशिश की,तब वे एक अनंत अग्नि-स्तंभ के रूप में प्रकट हुए। वही 'अग्नि-लिंग' अरुणाचल कहलाया।हारोहल्ली का यह मंदिर उसी पवित्र स्वरूप की याद में निर्मित बताया जाता है।यहाँ भगवान शिव का लिंगाकार रूप पत्थर की गहराई में प्रतिष्ठित है - इतना प्राचीन कि लगता है जैसे धरती स्वयं इसकी आराधना करती हो।मंदिर परिसर में कदम रखते ही जो दृश्य सामने आता है,वह किसी इतिहास ग्रंथ से निकलकर आया प्रतीत होता है।पत्थर के विशाल स्तंभ,जिन पर नक्काशीदार आकृतियाँ बनी हैं-कहीं नर्तकियों का समूह,कहीं सिंहासन पर विराजमान देवी-देवता, कहीं युद्ध दृश्य- हर आकृति अपनी कहानी कहती है।स्थानीय श्रद्धालुमो का मानना है कि इस मंदिर का निर्माण 15वीं शताब्दी में हुआ था,जब दक्षिण भारत में चोल,होयसला और विजयनगर स्थापत्य शैलियाँ एक-दूसरे को प्रभावित कर रही थीं।

मंदिर का गोपुरम ऊँचा और कलात्मक है।उस पर उकेरे गए देव प्रतिमाएँ पत्थर में गढ़ी हुई भक्ति की मूर्त अभिव्यक्ति लगती हैं। धूप जब उन पर पड़ती है तो लगता है जैसे देवता स्वयं जीवंत होकर मुस्करा रहे हों।मंदिर का दिव्य -भव्य परिसर-जहाँ हर स्तंभ बोलता है-जैसे-जैसे आप मंदिर के अंदर बढ़ते हैं,ठंडी हवा के बीच घंटियों की मंद-मधुर ध्वनि गूँजती है।मुख्य गर्भगृह में विराजमान हैं भगवान अरुणाचलेश्वर,और साथ ही परिसर में कई अन्य शिवलिंग - वैद्यनतेश्वर, मरालेश्वर,नंजुंदेश्वर - जिनकी पूजा सदियों से होती आ रही है।हर शिवलिंग मानो जीवन के किसी एक पक्ष का प्रतीक है-स्वास्थ्य,तप,त्याग और ज्ञान का।मंदिर के बीचोबीच एक प्राचीन दीपस्तंभ खड़ा है-जिस पर समय की परतें तो हैं, पर आस्था की चमक अब भी वैसी ही है।जब आप मंदिर के प्रांगण में खड़े होकर गहरी साँस लेते हैं,तो लगता है जैसे हवा भी ? नमः शिवाय का जाप कर रही हो।पत्थरों से छनती सूर्य की किरणें शिवलिंग पर पड़ती हैं तो एक अद्भुत दृश्य बनता है-भक्ति और प्रकृति का ऐसा संगम,जहाँ आँखें बंद किए बिना भी ध्यान लग जाता है।हम जब पहुँचे तो सुबह का समय था।मंदिर के चारों ओर फैली हरियाली,पास के नारियल के वृक्ष और पक्षियों की चहचहाहट-यह सब मिलकर एक दिव्य वातावरण बना रहे थे।एक वृद्ध पुजारी ने मुस्कराते हुए कहा कि ÷बेटा,यहाँ केवल दर्शन नहीं होते,यहाँ मन शांत होता है।जो एक बार यहाँ आता है, उसका हृदय यहीं टिक जाता है।÷ इतिहास की परतें और लोककथाएँ -स्थानीय लोककथाओं में कहा जाता है कि यह स्थान कभी घने जंगलों से घिरा था और पास से एक छोटी धारा बहती थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि एक साधक ने वर्षों तक यहाँ तपस्या की थी,जिसके बाद शिव ने उसे अरुणाचलेश्वर रूप में दर्शन दिए।कई लोग इस मंदिर को तिरुवन्नामलई स्थित प्रसिद्ध अरुणाचलेश्वर मंदिर का शाखा रूप मानते हैं। दोनों के बीच अदृश्य आध्यात्मिक संबंध की बातें आज भी गाँव के बुजुर्ग श्रद्धा से बताते हैं।

छह शताब्दियों की जीवित विरासत 600 वर्षों का सफर किसी इमारत के लिए लंबा होता है,लेकिन इस मंदिर ने समय को ऐसे झेला है जैसे पत्थर ने तूफानों को।यहाँ की दीवारों पर आज भी प्राचीन तेल चित्रों और पौराणिक प्रतीकों के धुंधले निशान दिखाई देते हैं।मंदिर का हर कोना अतीत की गवाही देता है-किसी युग का,जब कला,धर्म और जीवन एक-दूसरे से जुड़कर अस्तित्व रचते थे।मंदिर के भीतर कुछ स्थान ऐसे हैं जहाँ खड़े होते ही एक अजीब-सी ऊर्जा महसूस होती है।कई श्रद्धालु बताते हैं कि यहाँ ध्यान करने पर मन अपने आप शांत हो जाता है।कुछ लोग इसे ÷गरबा गुड़ी÷ कहते हैं - अर्थात वह स्थान जहाँ दिव्य शक्ति का निवास है।जब आरती के समय घंटियाँ एक साथ बजती हैं, तो पत्थरों की दीवारें भी मानो मंत्रोच्चार करने लगती हैं।ऐसी यात्रा -जहाँ मन ठहर जाता है-हारोहल्ली का यह मंदिर केवल धार्मिक यात्रा नहीं,बल्कि आत्मा की यात्रा है।जब आप सड़क से गाँव की गलियों में प्रवेश करते हैं, तो चारों ओर सादगी बिखरी मिलती है-मिट्टी के घर,नारियल के पेड़,और हर ओर मंदिर की घंटियों की मंद गूँज।मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही सब कुछ बदल जाता है। वहाँ कोई शोर नहीं, कोई भीड़ नहीं - बस शांति,जो धीरे-धीरे भीतर उतरती जाती है।एक क्षण के लिए ऐसा लगता है कि मानो ये पत्थर केवल वास्तु नहीं,बल्कि ध्यानस्थ साधक हैं,जो शताब्दियों से मौन साधना में लीन हैं।यदि आप इस पवित्र स्थान पर जाना चाहते हैं,तो मंदिर के दर्शन का समय इस प्रकार है-सुबह – 7:00 बजे से 12:00 बजे तक, शाम – 5:00 बजे से 7:00 बजे तकबेंगलुरु से निजी वाहन या कैब द्वारा पहुँचना सबसे सुविधाजनक है।रास्ता सुंदर है-खेतों, पहाड़ियों और गाँवों के बीच से गुजरता हुआ।

आप चाहें तो कनकपुरा रोड से आगे बढ़ते हुए कुछ स्थानीय भोजनालयों में रुककर दक्षिण भारतीय व्यंजनों का आनंद भी ले सकते हैं।शांत गाँव, जीवंत संस्कृति मंदिर के आसपास का गाँव बहुत शांत और सौम्य है। यहाँ के लोग श्रद्धालु पर्यटकों का स्वागत सादगी से करते हैं।त्योहारों के समय मंदिर परिसर रंगों और दीपों से जगमगा उठता है।शिवरात्रि,कार्तिक मास और महा दीपोत्सव के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु यहाँ एकत्र होते हैं।

उस समय हारोहल्ली की गलियाँ भक्ति संगीत से भर जाती है,मानो सारा गाँव शिवमय हो गया हो।इस मंदिर की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहाँ शिल्प और श्रद्धा एक-दूसरे में विलीन हैं।प्रत्येक पत्थर पर उत्कीर्ण आकृति मानो कहती है- ÷यह केवल कला नहीं,यह भक्ति का विस्तार है।शिव के रूप में यहाँ का अरुणाचलेश्वर भक्त को बाहरी संसार से काटकर अंतर्यात्रा की ओर ले जाता है।हारोहल्ली का श्री अरुणाचलेश्वर मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं,बल्कि जीवंत आध्यात्मिक केंद्र है।यहाँ की नीरवता में एक ऐसा संगीत छिपा है,जिसे केवल हृदय सुन सकता है।यह मंदिर हमें सिखाता है कि आस्था कभी समय पर निर्भर नहीं करती-वह तो पत्थर,हवा और धूप में भी जीवित रहती है।जब आप विदा लेते हैं,तो पीछे मुड़कर मंदिर के गोपुरम को देखना न भूलें।सूर्य की अंतिम किरणें जब उस पर पड़ती हैं, तो लगता है ,जैसे स्वयं भगवान शिव मुस्कराते हुए आशीर्वाद दे रहे हों- ÷चलो,अब जीवन में लौटो,यहाँ की परम शांति अपने साथ लेकर जाओ।÷भक्ति, इतिहास और अनुभव का अद्भुत संगम-बेंगलुरु से हारोहल्ली की यह यात्रा केवल दूरी तय करना नहीं है,यह स्वयं से मिलने की यात्रा है।श्री अरुणाचलेश्वर मंदिर अपने भीतर छह शताब्दियों की कथाएँ, अनगिनत भक्तों की भावनाएँ और कला की अमर धरोहर समेटे हुए है। यहाँ आकर आप महसूस करते हैं -कि मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं,वह मनुष्य और ईश्वर के बीच मौन संवाद का पुल है।श्री अरुणाचलेश्वर मंदिर,हारोहल्लीजहाँ हर पत्थर प्रार्थना है,हर घंटी ध्यान है,और हर श्वास में बस एक ही शब्द गूँजता है ।

# बुराई छोड़ अच्छाई आत्मसात करने का पावन पर्व है महाशिवरात्रि !

**शिवरात्रि के उपलक्ष्य में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह व ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम की निदेशिका राजयोगिनी बीके आशा दीदी देहरादून ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र सुभाष नगर में 14 फ़रवरी को पधार रहे है ।वे संस्था के नवदशमोत्सवो कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेंगे ।उनका स्वागत करने के लिए राजयोगिनी बीके मंजू दीदी,राजयोगिनी बीके मीना दीदी ,ब्रह्माकुमार सुशील भाई समेत बड़ी संख्या में भाई बहन उत्साहित है।**

**डा. श्रीगोपाल नारसन**


महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को इस बार 15 फ़रवरी को मनाया जा रहा है। इस दिन भगवान शिव की विधिवत पूजा करने के साथ व्रत रखने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग में मात्र जलाभिषेक करने से शिव जी प्रसन्न होते हैं और अपने साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी कर सकते हैं।

इस स्वर्णिम दुनियां की रचना कर परमात्मा शिव ने हमे यह अवसर प्रदान किया है कि हम उसकी बनाई इस दुनियां को उसके मूल स्वरूप में बनाये रखने में मदद करे।जिसके लिए आवश्यक है कि हम सत्यम,शिवम,सुंदरम को आत्मसात कर स्वयं को आत्म बोध में स्थापित कर परमात्मा से अपनी लौ लगाये।यह लौ हमारे अंदर के विकारों से हमे मुक्त कर हमारे कल्याण का माध्यम बनती है।युग परिवर्तन के लिए भी परमात्मा शिव हमे संगम युग मे ईश्वरीय ज्ञान प्राप्ति कराकर कलियुग से सतयुग में लाने के लिए यज्ञ रचते है।जिसमे स्त्री शक्ति का पोषण कर उन्हें युग परिवर्तन के निमित्त बनाया जाता है।वस्तुतःविश्व रचियता परमात्मा एक है जिसे कुछ लोग भगवान,कुछ लोग अल्लाह,कुछ लोग गोड ,कुछ लोग ओम, कुछ लोग ओमेन ,कुछ लोग सतनाम कहकर पुकारते है। यानि जो परम ऐश्वर्यवान हो,जिसे लोग भजते हो अर्थात जिसका स्मरण करते हो एक रचता के रूप में ,एक परमशक्ति के रूप में एक परमपिता के रूप में वही ईश्वर है और वही

शिव है। एक मात्र वह शिव जो ब्रहमा,विष्णु और शकंर के भी रचियता है। जीवन मरण से परे है। ज्योति बिन्दू स्वरूप है। वास्तव में शिव एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से परमात्मा की सुखद अनुभूति होने लगती है। शिव को कल्याणकारी तो सभी मानते है, साथ ही शिव ही सत्य है। शिव ही सुन्दर है यह भी सभी स्वीकारते है। परन्तु यदि मनुष्य को शिव का बोध हो जाए तो उसे जीवन मुक्ति का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है।

गीता में कहा गया है कि जब जब भी धर्म के मार्ग से लोग विचलित हो जाते है,समाज में अनाचार, पापाचार, अत्याचार, शोषण, क्रोध, वैमनस्य, आलस्य, लोभ, अहंकार, का प्रकोप बढ़ जाता है।माया मोह बढ जाता है तब परमात्मा को स्वयं आकर राह भटके लोगो को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा का कार्य करना पडता है। ऐसा हर पाचं हजार साल में पुनरावृत होता है। पहले सतयुग,फिर द्वापर,फिर त्रेता और फिर कलियुग तक

की यात्रा इन पांच हजार वर्षो में होती है। हांलाकि सतयुग में हर कोई पवित्र,सस्कांरवान,चिन्तामुक्त और सुखमय होता है। परन्तु जैसे जैसे सतयुग से द्वापर और द्वापर से त्रेता तथा त्रेता से कलियुग तक का कालचक्र धूमता है। वैसे वैसे व्यक्ति रूप में मौजूद आत्मायें भी शान्त,पवित्र और सुखमय से अशान्त,दुषित



और दुखमय हो जाती है। कलियुग

को तो कहा ही गया है दुखों का काल। लेकिन जब कलियुगके अन्त और सतयुग के आगमन की धडी आती है तो उसके मध्य के काल को सगंम युग कहा जाता है यही वह समय जब परमात्मा स्वंय सतयुग की दुनिया बनाने के लिए आत्माओं को पवित्र और पावन करने के लिए उन्हे स्वंय ज्ञान देते है औरउन्हे सतयुग के काबिल बनाते है। समस्त देवी देवताओ में मात्र शिव ही ऐसे देव है जो देव के देव यानि महादेव है जिन्हे त्रिकालदर्शी भी कहा जाता है। परमात्मा शिव ही निराकारी और ज्योति स्वरूप है जिसे ज्योति बिन्दू रूप में स्वीकारा गया है। परमात्मा सर्व आत्माओं से न्यारा और प्यारा है जो देह से परे है जिसका जन्म मरण नही होता और जो परमधाम का वासी है और जो समस्त संसार का पोषक है। दुनियाभर में ज्योतिर्लिगं के रूप में परमात्मा शिव की पूजा अर्चना और साधना की जाती है। शिवलिंग को ही ज्योतिर्लिंग के रूप में परमात्मा का स्मृति स्वरूप माना गया है।धार्मिक दृष्टि में विचार मथंन करे तो भगवान शिव ही एक मात्र ऐसे परमात्मा है जिनकी देवचिन्ह के रूप में शिवलिगं की स्थापना कर पूजा की जाती है। लिगं शब्द का साधारण अर्थ चिन्ह अथवा लक्षण है। चूंकि भगवान शिव ध्यानमूर्ति के रूप में विराजमान ज्यादा होते है इसलिए प्रतीक रूप में अर्थात ध्यानमूर्ति के रूप शिवलिगं की पूजा की जाती है। पुराणों में लयनाल्तिमुच्चते अर्थात लय या प्रलय से लिगं की उत्पत्ति होना बताया गया है। जिनके प्रणेता भगवान शिव है। यही कारण है कि भगवान शिव को प्राय शिवलिगं के रूप अन्य सभी देवी देवताओं को मूर्ति रूप पूजा की जाती है।

शिव स्तुति एक साधारण प्रक्रिया है। ओम नमः शिवाय का साधारण उच्चारण उसे आत्मसात कर लेने का नाम ही शिव अराधना है। संसार में सबसे पहले सोमनाथ के मन्दिर में हीरे कोहिनूर से बने

शिवलिंग की स्थापना की गई थी।विभिन्न धर्मो में

परमात्मा को इसी आकार रूप में मान्यता दी गई।

ज्योतिरूप में धार्मिक स्थलों पर ज्योति अर्थात दीपक

प्रज्जवलित कर परमात्मा के ज्योति स्वरूप की साधना की जाती है।

शिव परमात्मा ऐसी परम शक्ति है,जिनसे देवताओं ने

भी शक्ति प्राप्त की है। भारत के साथ साथ

मिश्र,यूनान,थाईलैण्ड,जापान,अमेरिका,जर्मनी, जैसे

दुनियाभर के अनेक देशों ने परमात्मा शिव के अस्तित्व को स्वीकारा है। धार्मिक चित्रों में स्वंय श्रीराम,श्रीकृष्ण और शंकर भी भगवान शिव की आराधना में ध्यान मग्न दिखाये गए है। जैसा कि पुराणों और धार्मिक ग्रन्थों में भी उल्लेख मिलता है। श्री राम ने जहां रामेश्वरम में शिव की पूजा की तो श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध से पूर्व शिव स्तुति की थी। इसी तरह शंकर को भी भगवान शिव में ध्यान लगाते देखे जाने के चित्र प्रदशित किये गए है। दरअसल शिव और शंकर दोनो अलग अलग है शिव परमपिता परमात्मा है तो ब्रहमा,विष्णु और महेश यानि शंकर उनके देव तभी तो भगवान शिव को देव का देव महादेव अर्थात परमपिता परमात्मा स्वीकारा गया है।

ज्योति बिन्दू रूपी शिव ही अल्लाह अर्थात नूर ए इलाही है।वही लाईट आफ गॉड है और वही सतनाम है।यानि नाम अलग अलग परन्तु पूरी कायनात का मालिक एक ही परम शक्ति है और वह शिव है।आत्माओं का जन्म होता है और परमात्मा का अवतरण होता है। यही आत्मा और परमात्मा में मुख्य अन्तर है। सबसे बडा अन्तर यह भी है कि आत्मा देह धारण करती है जबकि परमात्मा देह से परे है,परमात्मा निराकार है।

# वकील की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

## कोर्ट जाते वक्त मंदिर के पास फायरिंग; परिजन बोले- जमीन विवाद के चलते मार डाला



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले में शनिवार को दिनदहाड़े एक वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि एडवोकेट संजय कुमार सक्सेना (57) रोज की तरह बाइक से कोर्ट जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वारदात करैरा कस्बे की है। जानकारी के मुताबिक मृतक एडवोकेट का नाम संजय सक्सेना है, जो घिरियाली मोहल्ला पुराना बाजार के निवासी थे। वारदात करेरा इलाके के किले के पीछे स्थित आनंद सागर मंदिर के पास सिद्धन रोड पर हुई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमलावर पैदल आए थे या किसी गाड़ी से।

**दूसरे वकील ने देखा, अस्पताल पहुंचाया:** बताया जा रहा है कि वारदात के कुछ देर बाद उसी सड़क से गुजर रहे एक अन्य वकील की नजर सड़क पर पड़े संजय सक्सेना पर पड़ी। उन्होंने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। एडवोकेट संजय सक्सेना के भाई एडवोकेट कुलदीप सक्सेना ने आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या गांव सिगदाऊआ के कुछ लोगों ने रंजिश के चलते कराई है। संजय ने गांव में किशोरी जाटव की जमीन का केस लड़ा था, जिसमें किशोरी जाटव जीत गया था।

केस हारने के बाद से आरोपी लगातार धमकियां दे रहे थे कि वे आगे उनके खिलाफ कोई केस न लड़ें। उन्हें जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी गई थी। इसके बावजूद संजय सक्सेना मिठुआ जाटव के पक्ष में एक अन्य जमीन विवाद का केस लड़ रहे थे। इस जमीन के एक हिस्से पर शिक्षक कमलेश शर्मा का कब्जा बताया गया है।

कुलदीप सक्सेना के अनुसार, कमलेश शर्मा केस से हटने या राजीनामा कराने के लिए लगातार दबाव और धमकी दे रहे थे। गांव के सूरज आदिवासी ने उनके मंझले भाई अनिल सक्सेना को बताया था कि कमलेश कह रहा था कि 12 लाख रुपए ले लो और संजय सक्सेना की गोली मारकर हत्या कर दो। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपियों से चुनावी रंजिश भी चली आ रही थी। अगस्त-सितंबर में उनकी 6 बीघा जमीन में खड़ी मूंगफली की फसल उजाड़ दी गई थी। इसकी शिकायत दिनारा थाने में की गई थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

**पुलिस मौके पर पहुंची, जांच शुरू:** घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके का मुआयना कर पंचनामा किया। डेडबॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आस-पास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल फोन लोकेशन के जरिए भी आरोपियों को ट्रैक करने की कोशिश की जा रही है। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह घटना पहले से प्लान की गई थी।

**अभिभाषक संघ ने हड़ताल की चेतावनी दी:** अभिभाषक संघ के सचिव राम नरेश तिवारी ने हड़ताल की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा अगर तत्काल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तार नहीं करती तो अभिभाषक संघ सोमवार से न्यायालय में काम बंद कर हड़ताल करेंगे। साथ ही थाने के बाहर भी धरना देंगे।

# शादी में हर्ष फायरिंग, दूल्हे सहित 3 पर मामला; चलाते समय बीच में अटका हथियार



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित होटल उदय विलास में गुरुवार रात एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। वीडियो में दूल्हा सहित तीन लोग खुलेआम हथियारों से फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात दूल्हा सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, यह वीडियो शुक्रवार दोपहर को सामने आया हुआ। बताया जा रहा है कि यह फुटेज गुरुवार रात होटल उदय विलास में आयोजित शादी समारोह का है। वीडियो में एक युवक कार की छत पर खड़े होकर बंदूक से फायरिंग करता दिख रहा है।

वहीं, बग्गी पर बैठा दूल्हा भी बंदूक से हर्ष फायर कर रहा है, जबकि उसके पास खड़ा एक रिश्तेदार पिस्टल से लगातार फायरिंग करता नजर आ रहा है।

घटना के समय मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ मौजूद थी, जिससे हर्ष फायरिंग के दौरान किसी भी अनहोनी की आशंका बनी हुई थी। वीडियो में यह भी स्पष्ट दिख रहा है कि दूल्हा जिस बंदूक से फायर कर रहा था, वह एक बार फायर होने से पहले अटक गई थी। ऐसी स्थिति में गोली किसी भी दिशा में चल सकती थी और एक बड़ा हादसा हो सकता था।

वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने इसका संज्ञान लिया। फरियादी शैलेंद्र गोरख की शिकायत पर अज्ञात दूल्हा सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


### राजनांदगांव में दहशत फैलाने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव (निप्र)।** पुलिस ने शहर में दहशत फैलाने वाले 'चार्ली गैंग' का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के मुख्य आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली समेत कुल 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 पिस्टल, 2 देशी कट्टे और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह कार्रवाई चिखली चौकी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की। जानकारी के मुताबिक, यह मामला 12 फरवरी 2026 का है। शंकरपुर क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि डब्बा मैदान कब्रिस्तान के पास एक युवक 'चार्ली' अपने साथियों के साथ हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है।

सूचना मिलते ही चिखली चौकी प्रभारी ने टीम बनाकर मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली ने बताया कि उसने अपने साथी विक्की देशमुख के साथ मिलकर मध्यप्रदेश के धार-बड़वानी क्षेत्र से ये हथियार खरीदे थे। पुलिस की पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम भी सामने आए। इसके बाद साइबर सेल की मदद से पुलिस ने दुर्ग और धमतरी तक जाल बिछाकर बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए अधिकांश आरोपियों पर पहले से केस दर्ज हैं।

# शिवपुरी के मंदिर और गुमटी में चोरी, दानपात्र; पूजा सामग्री और दुकान का सामान ले उड़े चोर



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** शहर के पोहरी बस स्टैंड के पीछे स्थित एक मंदिर और पास की गुमटी में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना का पता शनिवार सुबह उस समय चला जब मंदिर में पूजा करने पहुंचे दीपक रजक ने ताले टूटे देखे। दीपक रजक ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह सुबह मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया। पास ही उनकी गुमटी में संचालित दुकान का ताला भी अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया था।

चोर मंदिर से दानपात्र, घंटा सहित अन्य पूजा सामग्री चुरा ले गए। इसके अलावा, मंदिर परिसर में रखे दुकान के सामान और गुमटी में रखे व्यापारिक सामान को भी चोरों ने पार कर दिया। दीपक रजक ने यह भी बताया कि करीब डेढ़ साल पहले भी इसी मंदिर में चोरी की घटना हुई थी, जिसका अब तक कोई खुलासा नहीं हो सका है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बस-ट्रक की भिड़ंत, महिला की मौत; 7 घायल, 4 की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले के लुकवासा क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर नेशनल हाइवे-46 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां सवारियों से भरी एक बस और ड्रमों से लदे आयशर ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, क्षत्रिय बंधु ट्रेवल्स की बस (क्रमांक एमपी 41 पी 1380) शिवपुरी से गुना की ओर जा रही थी। लुकवासा कस्बे में सवारियां उतारने के बाद, बस जैसे ही क्रॉसिंग से हाइवे पर चढ़ रही थी, तभी गुना की ओर से आ रहे ड्रमों से भरे आयशर ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। डॉक्टरों ने रवीना पंथ (25) पत्नी बिंदु पंथ को मृत घोषित कर दिया। रवीना अपने मायके मनियर से ससुराल म्याना जा रही थीं।

**ये हुए घायल, मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी:** हादसे में प्रदीप पुत्र बाईसराम धाकड़ (27) निवासी बदरवास, शंकर छारी पुत्र रामसेवक छारी निवासी डाबरपुरा बैराड़, प्रकाश चंद कुशवाह निवासी बारई बदरवास और रामकुमार आदिवासी (35) निवासी अशोकनगर सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है।

**बाल-बाल बचे बेलपत्र तोड़ने आए बच्चे:** हादसे के समय दो बच्चे शिवरात्रि के लिए बेलपत्र तोड़ने हाइवे किनारे पहुंचे थे। उन्होंने अपनी स्कूटी सड़क किनारे खड़ी कर थोड़ी दूरी पैदल तय की थी, तभी यह दुर्घटना हुई। कुछ ही मिनटों के अंतराल ने उनकी जान बचा ली। पुलिस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है।

# सामान्य-सभा के बाहर कांग्रेसियों का प्रदर्शन, एफआईआर

## नगर निगम की सामान्य सभा के दौरान किया चक्काजाम, लिंगियाडीह में अवैध कब्जा हटाने पर हंगामा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (निप्र)।** नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक के बीच लिंगियाडीह आवास के मुद्दे पर सदन के बाहर चक्काजाम करने वाले कांग्रेस नेताओं पर पुलिस ने रास्ता रोकने और बलवा का केस दर्ज किया है। बता दें कि शुक्रवार को सामान्य सभा के दौरान कांग्रेस पार्षद दल ने जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान भोजन अवकाश के बीच ऑडिटोरियम के सामने करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर दिया था। इसके चलते पुलिस को ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा।

दरअसल, सामान्य सभा के दौरान लिंगियाडीह के पार्षद दिलीप पाटिल ने 84 दिन से आंदोलन पर बैठे रहवासियों को बुला लिया। इस दौरान उन्होंने मेयर पूजा विधानी से कहा कि वार्ड के लोग ज्ञापन देने आए हैं, वे बाहर आकर ले लें। मेयर ने साफ कहा कि ज्ञापन देना है तो ऑफिस आएं, यह सदन है और इसकी अपनी गरिमा है। यहीं से हंगामा शुरू हो गया। भाजपा और कांग्रेस पार्षदों में तीखी बहस धक्कामुक्की तक पहुंच गई। सत्ता पक्ष के पार्षदों ने दिलीप पाटिल पर राजनीति करने का आरोप लगाया। इसी बात को लेकर तीखी बहस शुरू हो गई और मामला धक्कामुक्की तक पहुंच गया। हंगामा और विवाद के चलते सामान्य सभा भोजन अवकाश तक स्थगित कर दी गई।

**भाजपा पार्षद के आरोप पर भड़का आक्रोश:** सामान्य सभा में भाजपा पार्षद जय वाधवानी ने आरोप लगाया कि वार्ड-52 के पार्षद दिलीप पाटिल ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर दुकान, स्कूल और मकान बनाकर किराए पर दिया है। निजी फायदे के लिए लोगों को आंदोलन करा रहे हैं। आंदोलन के बहाने वो राजनीति कर रहे हैं और अब सामान्य सभा में भी इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। उनकी बातों को सुनकर दिलीप पाटिल समेत कांग्रेस पार्षद दल के सदस्य भड़क गए। जिसके बाद वो आंदोलनकारियों के साथ सड़क पर आ गए।

# करैरा में कांवड़िए की मौत, अज्ञात चालक पर केस दर्ज

## तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, झांसी की ओर से आ रही थी सफेद रंग की स्विफ्ट



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले के करैरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में कांवड़ लेकर लौट रहे एक युवक की मौत हो गई। यह घटना एबी रोड स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के सामने हुई, जहां एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे कांवड़िए नारायण पाल को टक्कर मार दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम चंदावनी निवासी गोलू पाल ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी 2026 को वह अपने ताऊ नारायण पाल के साथ कांवड़ भरकर लौटे थे। वे दोनों एबी रोड पर इंडियन पेट्रोल पंप के सामने खड़े थे।

इसी दौरान नारायण पाल शौचालय के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी झांसी की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट कार के अज्ञात चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से नारायण पाल सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर के पीछे, दाहिने कान और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। मौके पर मौजूद उत्तम पाल और महेश पाल ने घायल कांवड़िए को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करैरा पहुंचाया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने जांच के बाद नारायण पाल को मृत घोषित कर दिया। करैरा थाना पुलिस ने फरियादी गोलू पाल की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुदूर वनांचल में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य लिए नई पहल

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगरौली में मानसिक स्वास्थ्य एवं नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफल आयोजन





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर द्वारा अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को साकार करते हुए विकासखंड भरतपुर के अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगरौली में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना था, ताकि वे तनावमुक्त वातावरण में अध्ययन कर सकें और सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. रमन के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में किशोर अवस्था में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर विशेष जोर दिया गया। शिविर के दौरान आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं और बताया कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच शिक्षा तथा जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर भी लगाया गया, जिसमें आधुनिक उपकरणों के माध्यम से बच्चों की आंखों की विस्तृत जाँच की गई। इस दौरान आर. एस. चेचाम द्वारा जिन विद्यार्थियों में दृष्टि दोष पाया गया, उन्हें आवश्यक परामर्श देते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई, ताकि समय रहते उपचार कर भविष्य की समस्याओं से बचा जा सके। पूरे कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन में विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उनके कुशल प्रबंधन, समन्वय और व्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने बिना किसी असुविधा के स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

इस सराहनीय पहल से प्रसन्न होकर शाला प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी यह संकल्प दोहराया कि भविष्य में विकासखंड के अन्य सुदूर और वनांचल क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर बच्चे तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाई जा रही है।

# 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या, बोर्ड परीक्षा के बीच फांसी लगाकर दी जान





**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** शहर की करौंदी कॉलोनी में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शुक्रवार को हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक छात्र की पहचान नमन राठौर के रूप में हुई है। वह 12वीं कक्षा का छात्र था और इन दिनों उसकी बोर्ड परीक्षाएं चल रही थीं। नमन एक पेपर दे चुका था।

घटना के समय नमन घर पर अकेला था। उसके पिता मिथुन राठौर अपनी पत्नी के साथ बागेश्वर धाम दर्शन के लिए निकले थे। बताया गया कि जब वे झांसी पहुंचे, तभी उन्हें बेटे द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# मंदसौर में रात को 30 लीटर नकली घी जब्त

## दो लीटर नकली शहद भी मिली, सोयाबीन तेल; केमिकल से बनाते थे

**मीडिया ऑडीटर, मंदसौर (निप्र)।** मंदसौर शहर में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अभिनंदन नगर स्थित कर्मचारी कॉलोनी क्षेत्र में संचालित नकली घी बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया और मौके से लगभग 25 से 30 लीटर नकली घी और करीब दो लीटर नकली शहद जब्त किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अभिनंदन नगर क्षेत्र में नकली घी बनाने का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और रात करीब साढ़े 12 बजे सीएसपी जितेंद्र कुमार भास्कर, सिटी कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर तथा नई आबादी टीआई कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल और फूड सेफ्टी टीम ने मौके पर दबिश दी। बताया जा



रहा है कि जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, उस समय आरोपी नकली घी तैयार करने की प्रक्रिया में लगे हुए थे।

**सोयाबीन तेल और केमिकल से बन रहा था नकली घी:** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी डालडा और सोयाबीन तेल को गर्म कर उसमें केमिकल और आर्टिफिशियल देसी घी फ्रेगरेंस मिलाकर नकली घी तैयार कर रहे थे। यह घी देखने और खुशबू में देसी घी जैसा प्रतीत हो, इसके लिए विशेष रसायन का उपयोग किया जा रहा था। मौके से नकली घी बनाने में उपयोग होने वाला सोयाबीन तेल, केमिकल, बर्तन, गैस सिलेंडर, चूल्हा और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने डेढ़ से दो लीटर नकली शहद भी बरामद किया है। फूड सेफ्टी टीम ने जब्त घी और शहद के सैंपल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**4 से 6 मोबाइल और 2 से 3 मोटरसाइकिल जब्त :** दबिश के दौरान पुलिस ने 4 से 6 मोबाइल फोन और 2 से 3 मोटरसाइकिलें भी जब्ती में ली हैं। तलाशी के दौरान कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली हैं, जो संभवतः चोरी की हो सकती हैं। इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है।मौके से पुलिस ने नानू पिता वज्जु बागरी, बंशी पिता राजेश बागरी और करण पिता गोरिया बागरी को गिरफ्तार किया है। तीनों कर्मचारी कॉलोनी, अभिनंदन नगर (मंदसौर) के निवासी हैं और आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। यही लोग इस नकली घी फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 1000 रुपए किलो बेचते थे नकली घी:** जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी रोजाना ग्रामीण इलाकों में जाकर 500 से 1000 रुपए प्रति किलो की दर से नकली घी बेचते थे। इस तरह वे लोगों को धोखा देकर स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ कर रहे थे।

**सीएसपी ने दी कार्रवाई की जानकारी:** सीएसपी जितेंद्र कुमार भास्कर ने बताया कि अभिनंदन क्षेत्र स्थित कर्मचारी कॉलोनी से लगी झुग्गी-झोपड़ी में पारदी समाज के लोग रहते हैं। मुखबिर से सूचना मिली थी कि यहां नकली घी और शहद बनाकर बाजार में खपाया जा रहा है। सूचना पर फूड सेफ्टी टीम और दोनों थानों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि मौके से करीब 30 लीटर नकली घी और डेढ़ से दो लीटर शहद बरामद हुआ है। घी बनाने में उपयोग किया जाने वाला केमिकल देसी घी जैसी खुशबू पैदा करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था।

# हरदा में डोडाचूरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

## राजस्थान से बिना नंबर की बाइक पर बेचने ला रहा था मादक पदार्थ

**मीडिया ऑडीटर, हरदा (निप्र)।** हरदा सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान से डोडाचूरा लाकर हरदा में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने उसे इंदौर-बैतूल हाईवे पर पकड़ा। थाना प्रभारी रोशनलाल भारती ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर की ओर से एक युवक बिना नंबर की बाइक पर डोडाचूरा लेकर हरदा आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल इंदौर-बैतूल हाईवे पर ग्राम डगांवानीमा के पास घेराबंदी की।

पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के अनुसार एक बिना नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल को रोका। चालक ने अपना नाम सुशील मालवीय (35 वर्ष), पिता रामनारायण मालवीय, निवासी श्रीनगर कॉलोनी, हरदा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 870 ग्राम अवैध अफीम



डोडाचूरा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 18,700 रुपये है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 20,000 रुपये है। आरोपी मोटरसाइकिल के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। हरदा पुलिस ने सुशील मालवीय के खिलाफ अपराध क्रमांक 99/26, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में एएसआई जितेंद्र राजपूत, आरक्षक प्रदीप मालवीय और आरक्षक नीलेश पटेल का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ उनकी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# देवास में भोपाल-इंदौर हाईवे पर ओवरहाइट भूसा ट्रक जब्त

## देवास पुलिस की कार्रवाई में चार वाहन पकड़े; ड्राइवरों पर केस दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, देवास (निप्र)।** देवास पुलिस ने भोपाल-इंदौर हाईवे पर यातायात बाधित करने और खतरनाक तरीके से ओवरहाइट भूसा ले जा रहे चार ट्रकों को जब्त किया है। यह कार्रवाई शनिवार सुबह गश्त के दौरान रसूलपुर चौराहा (टाटा शोरूम के पास) पर की गई। पुलिस ने ड्राइवरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इन ट्रकों को लापरवाहीपूर्वक चलते देखा। ड्राइवरों द्वारा ट्रकों को लहराते हुए चलाया जा रहा था और हाईवे के बीचों-बीच खड़ा कर दिया गया था, जिससे



आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया। इससे आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर चारों ट्रकों को जब्त कर लिया और चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू की। जब्त किए गए वाहनों में वाहन क्र.04HE5251 - गणेश पिता भागचंद कपाड़िया (विदिशा), वाहन क्र. MP04YE9551 - मोनु कपाड़िया पिता द्वारकाप्रसाद (विदिशा), वाहन क्र. एमपी13ज़ेडजी0891 - राजा खान पिता बसीर खान (भोपाल), वाहन क्र. एमपी11एच0105 - हनीफ खान पिता हबीब खान (भोपाल) शामिल हैं।

चारों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने कहा है कि सड़क सुरक्षा और जन-सुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यातायात नियमों का उल्लंघन कर आमजन की जान जोखिम में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# 6 माह से पानी नहीं, छात्रावास के 50 बच्चों ने किया चक्काजाम



**मीडिया ऑडीटर, खरगोन (निप्र)।** सेगांव के तलकपुरा में शुक्रवार शाम 6 बजे शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के करीब 50 बच्चों ने पीने के पानी की समस्या को लेकर खंडवा-वड़ोदरा हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। बच्चों का आरोप है कि पिछले छह महीनों से छात्रावास में पानी की गंभीर किल्लत बनी हुई है। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन के दौरान बच्चों ने सरपंच हाय-हाय के नारे लगाए। करीब एक घंटे तक सड़क के दोनों ओर आधा किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। राहगीरों को काफी परेशानी उठाना पड़ी।

# हाइवे-18 पर मुरम से भरा डंपर किया जब्त, ईंट भट्ठों पर भी नजर



**मीडिया ऑडीटर, सलामतपुर (निप्र)।** रायसेन कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी गई है। इसी के तहत खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर मुरम से भरे एक डंपर को पकड़ा। डंपर (एमपी 04 एचई 2734) बिना वैध अनुमति के मुरम का परिवहन कर रहा था। दस्तावेजों की जांच में अवैध परिवहन की पुष्टि हुई। इसके बाद वाहन को जब्त कर सलामतपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वाहन मालिक पर मध्यप्रदेश खनिज नियम, 2022 के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। विभाग की टीम हाईवे-18 पर लगातार निगरानी कर रही है। इससे पहले भी सलामतपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से ईंटों का परिवहन करते हुए तीन वाहनों पर कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद इलाके में बिना अनुमति ईंट भट्ठों का संचालन जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन भट्ठों से बनी ईंटें भोपाल भेजी जाती हैं और ऊंचे दामों पर बेची जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भट्ठों से निकलने वाले धुएं से गांवों में सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर से मांग की है कि अवैध भट्ठों और खनिज परिवहन पर सख्त और लगातार कार्रवाई की जाए। खनिज विभाग के सुमित गुप्ता ने कहा कि इन मामलों में नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# बीना में चलती ट्रेन से गिरा यूपी का यात्री

## गंभीर हालत में सागर रेफर; इटारसी से बनारस जा रहा था



**मीडिया ऑडीटर, बीना (निप्र)।** बीना के मालखेड़ी रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जहां चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री बुरी तरह घायल हो गया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल सागर के लिए भेज दिया गया है।

**इटारसी से बनारस जा रहा था:** जानकारी के मुताबिक, घायल यात्री की पहचान सुरेंद्र कुमार (पिता कतवारू) के रूप में हुई है। वह उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिले के पाकड़पुर (माहुल खास) का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र इटारसी से बनारस जाने के लिए ट्रेन में सवार हुआ था, लेकिन बीना के मालखेड़ी स्टेशन के पास अचानक वह नीचे गिर गया।

**RPF और डायल 112 ने की मदद :** ट्रेन से यात्री के गिरने की सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल को तत्काल डायल 112 की मदद से बीना के सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने शुरुआती इलाज तो किया, लेकिन सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोट होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सागर जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा।

**परिजनों को दी सूचना:** हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यात्री पायदान पर खड़ा था या किसी और वजह से उसका संतुलन बिगड़ा। फिलहाल, बीना पुलिस ने घायल के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर आजमगढ़ में रहने वाले उसके परिजनों को हादसे की खबर दे दी है।

# इटारसी में कार से 8 पेटी देसी शराब जब्त

## आबकारी विभाग ने कार और शराब जब्त किया ; आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, इटारसी (निप्र)।** इटारसी में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने एक कार से 8 पेटी देसी प्लेन मदिरा जब्त की, जिसकी मात्रा लगभग 72 लीटर है। जब्त शराब की कीमत करीब 30 हजार रुपए आंकी गई है, जबकि वाहन सहित कुल जप्ती का अनुमानित मूल्य 1 लाख 20 हजार रुपए बताया जा रहा है। यह कार्रवाई गुरुवार की रात को मुखबिर की सूचना पर की गई। आबकारी टीम ने सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में संदिग्ध रूप से खड़ी एक कार की तलाशी ली, जिसमें देसी शराब की पेटियां बरामद हुईं। कार सूरजगंज चौराहा और नगरपालिका रोड के बीच खड़ी मिली थी। जिस दुकान के सामने कार खड़ी थी, वह बंद पाई गई।



**कार और शराब दोनों को जब्त कर मामला दर्ज किया:** आबकारी विभाग अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहा है ताकि यह पता चल सके कि शराब कार में पहले से रखी थी या बाद में रखी गई।

इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार और शराब दोनों को जब्त कर आगे की विवेचना शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक माहौरे, उपनिरीक्षक के.के.पड़रिया, आबकारी मुख्य आरक्षक दुर्गाप्रसाद माझी, आरक्षक मदन रघुवंशी, राजेश गौर, दुर्गेश पथरिया, धर्मेन्द्र बारंगे और नगर सैनिक रामावतार यादव सहित कई अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सिंचाई करते समय महिला को लगा करंट, मौत :छतरपुर में पंप चालू करते समय तार साड़ी में फंसा, पैर चपेट में आया

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम मातगुवां में खेत पर सिंचाई करते समय करंट लगने से 60 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। यह घटना शुक्रवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। मृतका की पहचान मातगुवां निवासी कालिया बाई अहिरवार (60) पत्नी मोतीलाल अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कालिया बाई दोपहर में खेत पर सिंचाई के लिए गई थीं। पानी का पंप चालू करते समय एक तार उनकी साड़ी में फंस गया, जिससे उनके पैर में करंट लग गया। करंट लगते ही



वह मौके पर बेहोश होकर गिर पड़ीं। उस समय खेत पर कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। परिजनों को जानकारी मिलने पर वे उन्हें तुरंत निजी वाहन से मातगुवां अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन देर शाम करीब 6 बजे महिला के शव को जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे। शव को पीएम हाउस में रखवाया गया है। सूर्यास्त होने के कारण शनिवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला विद्युत करंट लगने से हुई मौत का प्रतीत हो रहा है।

# बच्चों के साथ महिला ने रस्सी बांध रोका राम अयोध्या गार्डन का रास्ता, 1 घंटे अफरा-तफरी

**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** 'अंतिम आवेदन' लिखकर जनसुनवाई में पहुंची महिला की गुहार भी बेअसर रही तो मजबूर मां सड़क पर उतर आई। मंगलवार को तीन बच्चों और पेट्रोल की केन के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची विनीता कुशवाह को समाधान का आश्वासन मिला था। दो दिन बाद गुरुवार शाम वही महिला सांची रोड स्थित राम अयोध्या गार्डन के रास्ते पर रस्सी बांधकर बच्चों संग बैठ गई। अंदर शादी थी, बाहर हक की लड़ाई। शाम साढ़े सात बजे से करीब एक घंटे तक रास्ता बंद रहा। पार्किंग में गाड़ियों का प्रवेश रुका। बारात आने का समय नजदीक था। लड़की पक्ष में हड़कंप मच गया। पहले परिजन और स्थानीय लोग समझाते रहे, लेकिन महिला नहीं मानी।



बाद में प्रशासन को सूचना दी गई।

विनीता का आरोप है कि पति की कैंसर से मौत के बाद से उसके जेठ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। गार्डन से सटा 10-12 फीट चौड़ा रास्ता और पार्किंग एरिया वह अपने हिस्से की जमीन बता रही है। उसका कहना है कि जमीन को आम रास्ता घोषित कर स्थायी कब्जे की तैयारी है। एक साल से वह थाने, तहसील और कलेक्ट्रेट के चक्कर काट रही है।

सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार शैलेश सिंह ने समझाइश दी। मामला तहसील न्यायालय में लंबित बताया और जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद महिला रास्ता छोड़ने को राजी हुई। मामला कोर्ट में विचाराधीन ट्टमहिला ने सीमांकन के आधार पर दावा किया है।

250 का प्रकरण तहसील न्यायालय में लंबित है। सीमांकन में निशान चिह्नित होते हैं, उसी आधार पर भ्रम हुआ होगा। मामले को जल्द निराकृत कराने का प्रयास करेंगे। -शैलेश सिंह, नायब तहसीलदार रायसेन

यह है विवाद राम अयोध्या गार्डन के संचालक गणेश कुशवाह और उनके छोटे भाई की पत्नी के बीच जमीन बंटवारे का विवाद है। गार्डन के मुख्य गेट के अलावा सटे हिस्से से दूसरा प्रमुख रास्ता और बड़ा पार्किंग एरिया है। शादी समारोहों में इसी रास्ते का उपयोग होता है। पीड़िता इसी हिस्से को अपने हिस्से की जमीन बता रही है।

एक साल से भटक रही हूं ट्टएक साल से थाने, तहसील, कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रही हूं। अंतिम आवेदन भी दे दिया। ये मेरी जगह है, इसलिए मैंने रास्ता रोका। अगर आज छोड़ दूं तो ये हमेशा के लिए आम रास्ता बन जाएगा। तीन बच्चों के साथ दर-दर भटककर थक गई हूं। मेरी जमीन हथियाई जा रही है। **-विनीता कुशवाह, पीड़िता**

# खंडहर में छिपा रखी थी अवैध शराब, आरोपी को गिरफ्तार किया

**मीडिया ऑडीटर, खंडवा (निप्र)।** रेलवे के खंडहर मकान के पास से आरोपी आकाश उर्फ रजत पिता राजकुमार सोनकर निवासी लोहारी नाका को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार सोनकर के कब्जे से 28 हजार रुपए की शराब जब्त की है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। वहीं, जावर पुलिस ने आरोपी शुभम पिता दिनेश चौहान निवासी सिंगाजी रोड जावर, मूंदी पुलिस ने आरोपी नर्मदा प्रसाद पिता सुभान चितोले निवासी मूंदी व हरसूद पुलिस ने आरोपी रामकिशन पिता राम दास लौवंशी निवासी ग्राम मोजवाड़ी के कब्जे से अवैध शराब जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# लेसिंग अपने नाम की तरह ही लेसिंग साबित हुए, शानदार जीत पर तेंदुलकर ने जिबावे को सराहा

**कोलंबो, एजेंसी।** जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 19वें मुकाबले को 23 रन से जीता। शुक्रवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में हुए इस बड़े उलटफेर ने दुनिया को चौंका दिया है। महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए जिम्बाब्वे टीम के साथ ब्लेसिंग मुजारबानी को सराहा है। मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷जिम्बाब्वे की तरफ से यह एक स्टेटमेंट जीत है। ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराना जबरदस्त जज्बे को दर्शाता है। बेशक, ब्लेसिंग असल मायनों में अपने नाम की तरह ही ब्लेसिंग साबित हुए, शानदार 4 विकेट की गेंदबाजी के साथ। यह टूर्नामेंट वाकई बेहद रोमांचक रूप लेता जा रहा है।÷ जिम्बाब्वे की फील्डिंग को सराहते हुए, भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा, ÷जिम्बाब्वे की तरफ से यह जबरदस्त प्रदर्शन है। बैटिंग और बॉलिंग बहुत अच्छी रही है, लेकिन टोनी मुनयोंगा की फील्डिंग ने विपक्षी टीम पर दबाव बढ़ा दिया। उन्होंने कम से कम 12-15 रन बचाए हैं और डीप मिड विकेट पर एक शानदार कैच लेकर मैच खत्म किया



है। जब ग्राउंड का साइज सही होता है, तो क्रिकेटिंग स्किल्स सच में सामने आती हैं, जिससे खेल के सभी पहलुओं को मौका मिलता है। मुझे वाकई पसंद आया कि इस टी20 वर्ल्ड कप में पिचें कितनी संतुलित रही हैं।÷

शुक्रवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट खोकर 169 रन बनाए। इस टीम के लिए ब्रायन बेनेट ने 56 गेंदों में 64 रन की नाबाद पारी खेली। रयान बर्ल और तदिवानाशे मारुमानी ने 35-35 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में 146 रन पर सिमट गई। मैट रेनेशॉ ने 44 गेंदों में 6 बाउंड्री के साथ 65 रन की पारी खेली, जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 31 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। जिम्बाब्वे की तरफ से ब्लेसिंग मुजारबानी ने 4 ओवरों में 17 रन देकर 4 विकेट निकाले।

टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत के साथ जिम्बाब्वे ग्रुप-बी की प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 2 में से 1 मैच गंवाकर तीसरे स्थान पर है।

# हरमीत का चौका, नीदरलैंड को 93 रन से रौंदकर यूएसए ने खोला खाता



**चेन्नई, एजेंसी।** यूएसए ने शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 21वें मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 93 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ यूएसए ने टूर्नामेंट में जीत का खाता खोल लिया है। यह टीम ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी यूएसए की टीम ने 6 विकेट खोकर 196 रन बनाए। इस टीम को 27 के स्कोर पर शायन जहांगीर (20) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद मोनांक पटेल ने सैतेजा मुक्कमल्ला के साथ दूसरे विकेट के लिए 37 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। कप्तान मोनांक 22 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सैतेजा ने संजय कृष्णमूर्ति (1) के साथ 23 रन, जबकि शुभम रंजने के साथ 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। शुभम 24 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 48 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सैतेजा ने 51 गेंदों में 79 रन बनाए। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 5 चौके शामिल रहे।

विपक्षी टीम से बास डी लीडे ने 37 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि लोगान वैन बीक, काइल क्लेन और फ्रेड क्लासेन ने 1-1 विकेट हासिल किया।

इसके जवाब में नीदरलैंड की टीम 15.5 ओवरों में महज 103 रन पर सिमट गई। इस टीम को 9 के स्कोर पर माइकल लेविट (3) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद बास डी लीडे ने मैक्स ओडॉड के साथ दूसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की।

मैक्स ओडॉड 17 गेंदों में 2 बाउंड्री के साथ 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद टीम निरंतर अंतराल पर अपने विकेट गंवाती रही। इस बीच स्कॉट एडवर्ड्स ने 14 गेंदों में 20 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि रीलोफ वान डर मर्व 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

विपक्षी खेमे से हरमीत सिंह ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि शैडली वैन शल्कविक ने 3 विकेट निकाले। 2 विकेट मोहम्मद मोहसिन के हाथ लगे। एक सफलता नोस्तुश केंजीगे ने हासिल की।

# सिर्फ 20 पारियों में 7 फिफ्टी!

## यूएस के 21 वर्षीय खिलाड़ी का अनूठा रिकॉर्ड



**चेन्नई, एजेंसी।** 21 वर्षीय सैतेजा मुक्कमल्ला ने नीदरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 21वें मुकाबले में 79 रन की पारी खेली। इसी के साथ सैतेजा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से नंबर-1 बन गए हैं। सैतेजा मुक्कमल्ला ने अब तक 20 पारियों में 7 बार यह कारनामा किया है। इस मामले में उन्होंने कप्तान मोनांक पटेल की बराबरी कर ली है, जिन्होंने 39 पारियों में 7 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं, एंड्रीज गौस 26 पारियों में 6 अर्धशतकों के साथ दूसरे पायदान पर हैं, जबकि 29 पारियों में 5 अर्धशतक लगा चुके स्टीवन टेलर लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी यूएसए की टीम ने 6 विकेट खोकर 196 रन बनाए। इस टीम को कप्तान मोनांक पटेल और शायन जहांगीर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 2.5 ओवरों में 27 रन की साझेदारी की। शायन 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान मोनांक ने सैतेजा मुक्कमल्ला के साथ दूसरे विकेट के लिए 37 गेंदों में 55 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया था। मोनांक 22 गेंदों में 1 छक्के और 3 चौकों के साथ 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सैतेजा ने शुभम रंजने के साथ चौथे विकेट के लिए 35 गेंदों में 54 रन की साझेदारी की। सैतेजा 51 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 79 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शुभमन ने 24 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ नाबाद 48 रन बनाए। विपक्षी खेमे से बास डी लीडे ने 37 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि लोगान वैन बीक, काइल क्लेन और फ्रेड क्लासेन ने 1-1 विकेट हासिल किया। ग्रुप-ए में मौजूद यूएसए ने टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भारत के खिलाफ 29 रन से हार का सामना किया था, जिसके बाद उसे पाकिस्तान ने 32 रन से हराया।



# भारत के खिलाफ पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेहद खराब, सिर्फ 1 मैच में मिली है जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2026 में 15 फरवरी को कोलंबो में मुकाबला खेला जाना है। महामुकाबला कहे जा रहे इस मैच को लेकर दोनों देशों के करोड़ों क्रिकेट फैंस रोमांचित हैं और बेसब्री से रविवार को मैच शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। भारत ने अपने ग्रुप स्टेज के शुरुआती दोनों मैच यूएसए और नामीबिया के खिलाफ बड़े अंतर से जीते हैं। वहीं पाकिस्तान ने भी यूएसए और नीदरलैंड के खिलाफ जीत हासिल की है। पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट और फैंस का दावा है कि अपने स्पिनरों शादाब खान, उस्मान तारिक और अबरार अहमद के दम पर वे रविवार को भारत के खिलाफ भी जीत दर्ज करेंगे। पाकिस्तान को अपने दावे के पहले इस हकीकत को नहीं भूलना चाहिए कि उनकी टीम के पास हमेशा से स्पिनर रहे हैं। इसके बावजूद टी20 में उसका प्रदर्शन भारत के सामने बेहद साधारण रहा है। टी20 विश्व कप इतिहास की बात करें तो दोनों देशों के बीच अब तक 8 मैच खेले गए हैं। भारतीय टीम ने 6 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि पाकिस्तान को सिर्फ 1 मैच में जीत मिली है। 1 मैच का परिणाम नहीं आया है। भारत ने पाकिस्तान को हराकर ही टी20 विश्व कप 2007 का खिताब जीता था। पाकिस्तान को एकमात्र जीत टी20 विश्व कप 2021 में मिली थी। ओवर ऑल टी20 में भारत और पाकिस्तान 17 बार एक दूसरे के सामने आए हैं। भारतीय टीम ने 13 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि 3 मैच पाकिस्तान ने जीते हैं।

# आयरलैंड के कप्तान लॉर्कन टकर ने रोहित शर्मा को पछाड़ा, अपने नाम किया ये रिकॉर्ड



**कोलंबो, एजेंसी।** सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो में ओमान के खिलाफ मुकाबले में आयरलैंड के कप्तान लॉर्कन टकर ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। ओमान के खिलाफ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लॉर्कन टकर ने 51 गेंदों पर 4 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 94 रन की पारी खेली। टी20 विश्व कप में किसी कप्तान द्वारा खेली गई यह दूसरी सबसे बड़ी पारी थी। पहले दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा का नाम था। रोहित ने टी20 विश्व कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन की विस्फोटक पारी खेली थी।

पहले स्थान पर क्रिस गेल हैं। बतौर वेस्टइंडीज कप्तान गेल ने 2010 में भारत के खिलाफ 98 रन की पारी खेली थी। चौथे स्थान पर भी क्रिस गेल हैं। 2009 में गेल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 88 रन बनाए थे। पांचवें स्थान पर केन विलियमसन हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान के रूप में विलियमसन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 में दुबई में 85 रन बनाए थे।

लॉर्कन टकर की 94 रन की पारी टी20 विश्व कप इतिहास में किसी आयरलैंड के बल्लेबाज द्वारा खेली गई सबसे बड़ी पारी है। पूर्व में यह रिकॉर्ड कर्टिस कैंफर के नाम था। कैंफर ने 2022 में स्कॉटलैंड के खिलाफ नाबाद 72 रन बनाए थे।

# श्रीलंका पहुंची टीम इंडिया, भारत-पाक मैच में बारिश की 60 प्रतिशत आशंका, महामुकाबले पर खतरे के बादल



**कोलंबो, एजेंसी।** क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी राइवलरी यानी भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले पर काले बादल मंडरा रहे हैं। 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस हाई-वोल्टेज मैच में बारिश विलेन बन सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, मैच के दिन शहर के 60त्न इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है। भारतीय टीम शुक्रवार शाम श्रीलंका पहुंच गई। भारतीय टीम शुक्रवार रात 10 बजे कोलंबो पहुंच चुकी है। भारत ने अब तक अमेरिका और नामीबिया को हराकर शानदार फॉर्म दिखाई है। पाकिस्तान भी अमेरिका और नीदरलैंड को हराकर आत्मविश्वास से लबरेज है। 15 फरवरी को जीतने वाली टीम पॉइंट्स टेबल के शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करेगी।

**बारिश का समीकरण :** 15 फरवरी को सुबह से ही बारिश की आशंका है। मैच के समय (शाम 7 से रात 12 बजे) भी 10-20त्न बारिश का अनुमान है, जिससे आउटफील्ड गीली हो सकती है।

**अगर मैच धुला तो क्या होगा?:** ICC के नियमों के मुताबिक, ग्रुप स्टेज के मैचों के लिए कोई रिजर्व डे नहीं रखा गया है। यदि बारिश के कारण मैच नहीं हो पाता है, तो-मुकाबला बेनतीजा (No Result) घोषित कर दिया जाएगा। दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट से संतोष करना पड़ेगा।

**इतिहास भारत के पक्ष में :** टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास पर नजर डालें तो भारत का पलड़ा भारी रहा है। अब तक हुए 8 मुकाबलों में से 7 में भारत ने जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान को केवल 1 बार (2021) सफलता मिली है।

**अभिषेक शर्मा की सेहत पर अपडेट :** दूसरी तरफ, टीम इंडिया के लिए एक राहत भरी खबर है कि ओपनर अभिषेक शर्मा अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं। हालांकि, पेट में इन्फेक्शन के कारण नामीबिया के खिलाफ उनके खेलने पर संशय बरकरार है।

# टी20 विश्व कप: आयरलैंड की पहली जीत, ओमान को 96 रन से हराया




**कोलंबो, एजेंसी।** सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो में टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप बी का मुकाबला शनिवार को आयरलैंड और ओमान के बीच खेला गया। आयरलैंड ने शानदार खेल दिखाते हुए ओमान पर 96 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। 236 रन के पहाड़ से लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की टीम की तरफ से सिर्फ 2 बल्लेबाज ही आयरलैंड के गेंदबाजों का मजबूती से सामना कर सके। सलामी बल्लेबाज आमिर कलीम ने 29 गेंद पर 2 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली। इसके अलावा चौथे नंबर पर आए हम्माद मिर्जा ने 37 गेंद पर 1 छक्का और 6 चौकों की मदद से 46 रन बनाए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूफयान महमूद 10 रन बनाकर तीसरे श्रेष्ठ स्कोरर रहे। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सका। ओमान की टीम 18 ओवर में 139 पर सिमट गई। आयरलैंड के लिए जोशुआ लिटिल ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3, मैथ्यू हम्फ्रेस ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2, और बैकी मैकार्थी ने 3 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए। जॉर्ज डॉकरेल ने 1 विकेट लिया। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड ने खराब शुरुआत के बावजूद 5 विकेट पर 235 रन बनाए थे। एक समय 64 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी आयरलैंड कप्तान लॉर्कन टकर के 51 गेंदों पर 4 छक्कों और 10 चौकों की मदद से बनाए नाबाद 94 और गारेथ डेलानी के 30 गेंदों पर 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से बनाए 56 रनों और इन दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 56 गेंदों पर हुई 101 रन की साझेदारी के दम पर आयरलैंड ने 5 विकेट पर 235 रन बनाए। पारी के आखिर में डॉकरेल ने 9 गेंदों पर 5 छक्कों की मदद से विस्फोटक 35 रन की पारी खेली।

आयरलैंड का टी20 में यह सबसे बड़ा स्कोर है। वहीं, यह टी20 विश्व कप इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टी20 विश्व कप 2026 का भी यह सबसे बड़ा स्कोर है। विश्व कप के तीसरे मैच में आयरलैंड की यह पहली जीत है।

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौ कथा का दिव्य समापन, धर्म व गौ संरक्षण का संकल्प सुदृढ़

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में स्थित रेवासा धाम एवं वृंदावन धाम के पावन सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर परम पूज्य राजेंद्रदास जी महाराज द्वारा आयोजित गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषयक दिव्य कथा का तीसरा एवं अंतिम दिवस अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ कथा श्रवण किया। अपने अमृतमय प्रवचन में महाराज ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पृथ्वी सात स्तंभों पर आधारित है। प्रथम स्तंभ गौ माता हैं, द्वितीय ब्राह्मण, तृतीय वेद, चतुर्थ सती-सावित्री पतिवृता नारियां, पंचम सत्यवादी पुरुष, षष्ठम लोभरहित पुरुष और सप्तम दानशील पुरुष। इन सातों तत्वों के संरक्षण से ही समाज और सृष्टि का संतुलन बना रहता है। चित्रकूट के संत शिरोमणि संकादिक महाराज भी गोकथा में शामिल हुए। मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य जी महाराज की उपस्थिति में बसामन मामा गौधाम परिसर में





ऋषिकुलम आवास गृह का भूमिपूजन किया एवं पीपल का वृक्षारोपण किया। महाराज ने कहा कि युग निर्माता ब्राह्मण होता है। जो संपूर्ण समाज की पीड़ा को अनुभव करे, वही सच्चा ब्राह्मण है। धर्माचरण से ही अर्थ और काम रूपी पुरुषार्थ की सिद्धि संभव है। जब अर्थ की प्राप्ति धर्म के अनुशासन और नियंत्रण में होती है, तब वह अर्थ अनर्थ का कारण नहीं बनता, बल्कि लोक कल्याण का साधन बनता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपवित्र धन कभी पवित्र कार्यों में नहीं लगता और जो धन धर्मकार्य में समर्पित होता है, वह स्वयं पवित्र हो जाता है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हम सबके लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि पूज्य राजेंद्रदास जी महाराज के मुखारविंद से अमृतवाणी श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ। एक ओर बसामन मामा की पुण्यभूमि, जहाँ दस हजार गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्धन का विशाल प्रकल्प संचालित है, और दूसरी ओर पूज्य महाराज का दिव्य प्रवचन यह संगम सचमुच त्रिवेणी के समान है, जो दीर्घकाल तक समाज का कल्याण करता रहेगा। शुक्ल ने कहा कि गौ माता का सम्मान ही मानवता का सम्मान है। यदि गौ माता का अपमान होगा तो मानव जाति का कल्याण संभव नहीं। उन्होंने कहा कि महाराज के प्रवचनों से उन्हें गौ संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में और अधिक ऊर्जा एवं संकल्प प्राप्त हुआ है। उन्होंने भावुकता से कहा कि कभी-कभी जब वे किसी कठिन कार्य का दायित्व लेते हैं और वह सहज ही पूर्ण हो जाता है, तो उन्हें अनुभव होता है कि यह सब गौ माता की कृपा और उनकी प्रसन्नता का ही परिणाम है। कार्यक्रम का समापन भक्ति, भाव और संकल्प के साथ हुआ, जिसमें गौ सेवा, धर्माचरण और समाज कल्याण के लिए कार्य करने का संदेश प्रमुख रहा। कथा समापन के बाद बसामन मामा में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन दिवस पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी तथा बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## रीवा के रतहरा से 13 वर्षीय बालिका 5 दिन से लापता, थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रतहरा क्षेत्र से 13 वर्षीय बालिका रुचि पटेल 5 दिन से लापता है, जिसके बारे में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। रुचि पटेल, जो चंद्रशेखर मिमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल रतहरा में 8वीं कक्षा की छात्रा है, 11 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3 बजे घर से मार्केट में ड्राइंग बॉक्स खरीदने के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंची। इसके बाद परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और आस-पास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। अंत में, परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पोशाक: सफेद टी-





शर्ट और नीला लोवर, पैर में स्लीपर चप्पल संपर्क विवरण: यदि किसी को बालिका की जानकारी मिले, तो कृपया मोबाइल नंबर 9617251538 पर सूचित करें या नजदीकी थाने में सूचना दें। थाना प्रबंधन ने इस मामले में किसी भी व्यक्ति से सूचना प्राप्त करने पर उचित इनाम देने की घोषणा की है, ताकि बालिका को जल्द से जल्द सही सलामत घर लौटाया जा सके। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति रुचि पटेल के बारे में कुछ भी जानकारी रखता हो, तो वह तुरंत संपर्क करें। इस संबंध में कोई भी सूचना थाने में या दिए गए मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है।

**बालिका का हुलिया:**
**उम्र 13 वर्ष**
**ऊंचाई: 4 फीट 10 इंच**
**बदन: इकहरा**
**रंग: सांवला**

## उप मुख्यमंत्री ने शिव बाबा रथयात्रा का किया शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव बाबा रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रजापिता ब्राम्हकुमारी विश्वविद्यालय आश्रम से आरंभ हुई। शिव बाबा रथयात्रा को हरी झण्डी दिखाई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव संहार से साथ-साथ कल्याण के देवता हैं। भक्तों की भक्ति से शीघ्र प्रसंन्न होने वाले भगवान शिव कालों के महाकाल हैं। प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव चेतना को जगाने के लिए किये जाने वाले प्रयास सराहनीय हैं। इस संस्थान ने सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़चढ़ कर योगदान दिया है। इस अवसर पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी संस्थान द्वारा उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।


## दो बाइकों की भिड़ंत, तीन घायल, एक का जिला अस्पताल में इलाज जारी

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** नईगढ़ी क्षेत्र के सेनुआ गांव में शुक्रवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रीवा रेफर किया गया है, जबकि एक घायल का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, राम कृष्ण मिश्रा (65) और काशी विश्वकर्मा (75) एक ही बाइक से अपने गांव कबरा जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में काशी विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार विकास पांडेय (30) भी इस दुर्घटना में घायल हो गए। उन्हें भी इलाज के लिए रीवा भेजा गया है। वहीं, राम कृष्ण मिश्रा को मामूली चोटें आई हैं। उनका उपचार स्थानीय अस्पताल में ही किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

## डिप्टी सीएम बोले- कोलकाता में सुरक्षित हैं विधायक प्रदीप पटेल जिला अध्यक्ष ने बताया भोपाल, एमएलए बोले- मूसा गैंग के डर से गायब

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रदीप पटेल पिछले करीब एक महीने से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। उनकी गैरमौजूदगी को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी है। विधायक ने इससे पहले मूसा गैंग से अपनी जान को खतरा होने की बात कही थी। इसके बाद से उनकी सुरक्षा और मूवमेंट को लेकर लगातार सवाल उठते रहे। मामले में राजेंद्र शुक्ल ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विधायक कोलकाता में हैं और





सुरक्षित हैं। उनके इस बयान के बाद चर्चा और तेज हो गई। दूसरी ओर मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष पहले ही यह कह चुके हैं कि विधायक भोपाल में मौजूद हैं और विधायक रेस्ट हाउस में ठहरे हुए हैं। दोनों बयानों में अंतर साफ दिखाई दे रहा है। एक तरफ कोलकाता में होने की बात कही जा रही है, तो दूसरी ओर भोपाल में मौजूद होने का दावा है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर विधायक वास्तव में कहां हैं। विधायक की लंबे समय से सार्वजनिक अनुपस्थिति और अलग-अलग दावों के कारण समर्थकों और आम लोगों के बीच भी चिंता और भ्रम की स्थिति बन गई है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से विधायक का परिवार भी पिछले एक महीने से घर में सीमित रहने को मजबूर है। परिवार ने भी अपनी जान को खतरा बताया है। इसके साथ धमकी भरे फोन कॉल और नकाबपोश बदमाशों के द्वारा लगातार घर की रेकी होने के दावे किए हैं। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले में कोई विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## निकलेगी शिव बारात, 551 किलो का त्रिशूल होगा आकर्षण; 40 साल पुरानी परंपरा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को शहर में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 9 बजे वेजू धर्मशाला से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पचमठा आश्रम पहुंचेगी। यहां विधि-विधान के साथ शिव-पार्वती विवाह संपन्न होगा। बारात में 30 फीट लंबा और 551 किलो वजनी त्रिशूल सबसे खास आकर्षण होगा, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। करीब 40 साल पहले कुछ श्रद्धालुओं ने सीमित स्तर पर इस परंपरा की शुरुआत की थी, जो अब शहर की पहचान बन चुकी है। शिव बारात में भगवान शिव के विवाह स्वरूप की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। ढोल-नगाड़ों, शहनाई और बैंड-बाजों के साथ श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच इसमें शामिल होंगे। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। शहर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रीवा की शिव बारात अब सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि शहर की आस्था और एकता का प्रतीक बन चुकी है।

## महाआंदोलन: ओबीसीए, एससी, एसटी संयुक्त मोर्चा का यूजीसी 2026 कानून के समर्थन में विशाल रैली

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ओबीसीए एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा द्वारा यूजीसी 2026 कानून के समर्थन में और सामाजिक न्याय से जुड़े अहम मुद्दों पर महाआंदोलन आयोजित किया गया। यह आंदोलन रीवा के विवेकानंद पार्क से कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली के रूप में निकाला गया। रैली की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई, जिसमें विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और युवा संगठन शामिल हुए। इस महाआंदोलन का उद्देश्य समाज में समानता, न्याय और वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा करना है। मोर्चा के नेता ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष छोटेलाल रजक ने कहा कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। रैली के बाद कलेक्टर कार्यालय में महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। यूजीसी कानून 2026 का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली में



### मुख्य मांगें

**यूजीसी नया कानून 2026 का तत्काल लागू होना।**
**मध्य प्रदेश में ओबीसी के 13% होल्ड को बहाल करना।**
**जातिगत जनगणना में ओबीसी का कॉलमजोड़ना।**
**22 लाख सरकारी पदों को शीघ्र भरने का निर्णय लेना।**
**निजी संस्थानों में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण लागू करना।**
**केंद्र सरकार की लैटरल एंट्री प्रक्रिया को समाप्त करना।**
**एससी-एसटी को पदोन्नति में आरक्षणदेना।**
**पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना।**
**किसानों को एसपी की कानूनी गारंटी और वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाना।**

समानता सुनिश्चित करना, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना और विश्वविद्यालयों में शोध और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह कानून वंचित वर्ग के छात्रों को समान अवसर और सुरक्षा प्रदान करेगा और भारतीय शिक्षा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाएगा। प्रेस वार्ता में ओबीसी महासभा के प्रमुख नेता छोटेलाल रजक, दिनेश पटेल, राकेश यादव सज्जन सिंह धर्मेंद्र सिंह पटेल, मनोज सिद्धार्थ, केशव वर्मा, कुंजीलाल सेन राजेश कुशवाहा और अन्य समाजसेवी, युवाओं और छात्र नेताओं ने हिस्सा लिया। संयुक्त मोर्चा ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे इस महाआंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करें। यह आंदोलन लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया, जिसमें सभी आयोजक और सहभागी इस आंदोलन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीण विकास योजनाओं की धीमी प्रगति पर सख्त निर्देश, कई सचिवों और उपयंत्रियों को नोटिस एवं निलंबन की चेतावनी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के जवा जनपद पंचायत सभागार में आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्रामीण विकास योजनाओं और हितग्राही मूलक कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में जनपद पंचायत जवा के प्रमुख अधिकारी और विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिव, जीआरएस, उपयंत्री उपस्थित रहे।

**1.प्रधानमंत्री आवास योजना :** समीक्षा के दौरान कई ग्राम पंचायतों में पीएम आवास के कार्य अधूरे पाए गए ग्राम पंचायत हरदोली में 21 आवास अपूर्ण पाए गए, जिसके बाद सचिव को निलंबित करने और पीसीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत कंचनपुर में 13 आवास अपूर्ण पाए गए, और



सचिव को नोटिस जारी किया गया। ग्राम पंचायत घूमन और दोंदर में क्रमशः 25 और 21 आवासों में प्रगति धीमी पाई गई, जिसके चलते सचिव, जीआरएस और पीसीओ को नोटिस जारी किए गए। जिन ग्राम पंचायतों में खेत तालाबों का स्वीकृत कार्य अपूर्ण है, उन्हें 2 सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत नष्टिगवां में 21 खेत तालाब स्वीकृत हुए थे, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करने के लिए सचिव और उपयंत्री को नोटिस जारी किया गया।

**3. एक बगिया मां के नाम योजना:** इस योजना के तहत कुछ ग्राम पंचायतों में कार्य की धीमी प्रगति पर भी सख्त निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत डगडैया में दो हितग्राहियों का ुगतान नहीं किया गया और मटेरियल का भुगतान 98,000 रुपये किया गया, जिसके लिए सचिव और जीआरएस को एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया गया।

**4. हितग्राही मूलक कार्यों की समीक्षा:** जिन ग्राम पंचायतों में कार्य अधूरे हैं, वहां डीएससी में रोक लगाने की चेतावनी दी गई।

ग्राम पंचायत छतैनी के जीआरएस को संविदा समाप्ति हेतु नोटिस जारी किया गया।

**5. स्वच्छता और बिजली बिल:** सभी ग्राम पंचायतों से अपेक्षित था कि वे अपने बिजली बिल समय पर जमा करें और नल जल योजना के कार्यों के पूर्ण होने पर उनका हैंडओवर सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम पंचायत भवन और जनपद पंचायत भवन की साफ-सफाई भी करवाने के निर्देश दिए गए।

**निलंबन और नोटिस की कार्रवाई:** मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि यदि कोई सचिव या उपयंत्री अपने दायित्वों का निर्वाह ठीक से नहीं करता, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कई सचिवों, जीआरएस और उपयंत्रियों को नोटिस जारी किए गए हैं और कुछ को निलंबन की चेतावनी भी दी गई है।

## महाशिवरात्रि पर मंदिर में सीसीटीवी से निगरानी,एसपी ने शांति समिति बैठक ली; बोले-बैरिकेडिंग और विशेष पुलिस बल तैनात रहेगा

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने शुक्रवार शाम लौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक ली। इसमें सुरक्षा और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकर अहम निर्णय लिए। अधिकारियों ने महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश





दिए। बैठक के बाद अधिकारियों ने मेला परिसर और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। क्षेत्रीय विधायक गिरीश गौतम ने भी जनप्रतिनिधियों के साथ शिव धाम देवतालाब मंदिर परिसर का जायजा लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, बैरिकेडिंग करने और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष पुलिस बल तैनात करने का निर्णय लिया गया है। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं, जबकि मंदिर मार्ग स्थित खेल मैदान को अस्थायी वाहन स्टैंड बनाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, साफ-सफाई और बिजली की विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि जलाभिषेक और दर्शन सुचारु रूप से हो सकें। सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और विशेष पुलिस बल तैनात रहेगा प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें। बैठक में एसडीएम राजेश मेहता, एसडीओपी सचि पाठक, तहसीलदार, थाना प्रभारी लौर सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक सहित खाई में गिरा चालक रफ्तार पर नहीं कर पाया कंट्रोल, घर लौटते समय हुआ हादसा

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** शनिवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय युवक मोहित सोधिया गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा मऊगंज-कटरा मार्ग पर अकौरी गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। घायल युवक को तत्काल नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, अकौरी निवासी मोहित सोधिया अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। अकौरी गांव के पास तेज रफ्तार के कारण उन्होंने अचानक बाइक पर से नियंत्रण खो दिया। इसके परिणामस्वरूप, बाइक फिसलकर सड़क किनारे एक गहरी खाई में जा गिरी। इस



दुर्घटना में मोहित के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को खाई से बाहर निकाला। उन्होंने प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई और तत्काल उपचार के लिए नईगढ़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में मोहित का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि युवक की हालत फिलहाल सामान्य और स्थिर है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।